राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट कोहली का समय चला गया.....

पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है: देवेंद्र फडणवीस.... 12

वर्ष : 12 | अंक : 272 | पटना, गुरूवार, 16 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से करता है काम : पीएम मोदी

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। मोदी ने आज के दिन को भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए बहुत बड़ा करार देते हुए कहा, यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा रहा है। गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और दृष्टिकोण दिया था और आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नौसेना को सशक्त करने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, यह देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरे समुद्र हों या फिर असीम अंतरिक्ष हो, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में पहले उत्तरदाता के रूप में उभरा है और पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने हजारों लोगों की जान बचाई है और लाखों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा, इससे दुनिया भर में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है।



## पीएम ने नवी मुंबई में किया इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई में एक नए इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर लगभग 9 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें से 2.5 एकड़ क्षेत्र में भव्य मंदिर बनाया गया है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है। पीएम मोदी ने कहा, आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। मुझे विश्वास है कि यह मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में 8वीं तक के स्कूल 18 जनवरी तक बंद

राजधानी के सभी निजी व सरकारी स्कूल18 जनवरी तक रहेंगे बंद

पटना। जिला प्रशासन ने सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। प्रशासन के अनुसार यह आदेश कक्षा एक से आठवीं तक के छात्रों के लिए लागू होगा। प्रशासन ने यह फैसला ठंड को लेकर लिया है। पटना डीएम ने तीन दिनों के लिए आठवीं तक की छुट्टी बढ़ाने का फैसला लिया है। फिलहाल तीन दिनों के लिए ठंड के कारण छुट्टी बढ़ाने का फैसला हो गया है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह कहा कि अवकाश का जो आदेश पहले से था, उसे 16, 17 और 18 जनवरी के लिए लागू किया जा रहा है। यानि आठवीं तक की कक्षाएं 18 जनवरी तक के लिए बंद रहेंगी। वहीं नवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए सुबह नौ बजे से दोपहर 3.30 बजे तक कक्षाएं संचालित की जा सकती है। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

### राष्ट्रपति, पीएम समेत अन्य ने सेना दिवस की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेना दिवस पर मैं भारतीय सेना के जवानों, दिग्गजों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। मातृभूमि की सेवा में आपके द्वारा दिए गए अनगिनत बलिदानों को राष्ट्र कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। संकटों और आपदाओं के दौरान आपका मानवीय कार्य आपकी करुणा का प्रमाण है। आपकी असाधारण वीरता और साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

### सीएम की मिमिक्री करने पर गई थी राजद एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता

# विप उपचुनाव के नतीजों की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बिहार विधान परिषद की उस सीट पर उपचुनाव के परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी जिसका प्रतिनिधित्व सदन से निष्कासित राष्ट्रीय जनता दल के नेता सुनील कुमार सिंह कर रहे थे। सिंह को पिछले साल 26 जुलाई को बिहार विधान परिषद में अनुचित आचरण के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया था। राजद नेता लालू प्रसाद और उनके परिवार के करीबी समझे जाने वाले सिंह पर 13 फरवरी, 2024 को सदन में कहासुनी के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारे लगाने का आरोप था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटीश्वर सिंह की पीठ को सिंह के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सूचित किया कि उक्त सीट के लिए उपचुनाव परिणाम 16 जनवरी को घोषित किए जाने की संभावना है और चुनाव निर्विरोध हुआ था।

पीठ ने कहा कि वह मामले में पहले ही दलीलें सुन रही है, इसलिए इस बीच सीट के लिए परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए। सिंघवी ने कहा कि न्यायालय अगस्त, 2024 से निष्कासन के खिलाफ सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रहा है और यदि कल को अदालत ने याचिका को मंजूर कर लिया तो विचित्र स्थिति पैदा हो जाएगी जहां एक ही सीट पर दो प्रतिनिधि होंगे। पीठ ने कहा कि वह 16 जनवरी को राज्य विधान परिषद और आचार समिति तथा अन्य के जवाब सुनेगी जिसके बाद वह इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखेगी। पिछले साल सिंह के सदन से निष्कासन का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया था। इससे एक दिन पहले ही आचार समिति ने कार्यवाहक सभापति अवधेश नारायण सिंह को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। सिंह पर मुख्यमंत्री के शारीरिक हावभाव की नकल करके उनका अपमान करने और आचार समिति के समक्ष उपस्थित होने के बाद समिति के सदस्यों की योग्यता पर सवाल उठाने का भी आरोप लगाया गया है।

सिंह को निष्कासित किए जाने के अलावा उसी दिन राजद के एक अन्य विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी सोहैब को भी दो दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। सोहैब ने भी कार्यवाही में व्यवधान डाला था। आचार समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोहैब ने जांच के दौरान अपने कार्यों के लिए खेद व्यक्त किया, जबकि सिंह ने अपना रुख नहीं बदला।

# सीएम नीतीश ने बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का किया उद्घाटन

### बोलें-आगंतुकों को ठहरने में होगी काफी सहूलियत



बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा व जलसंसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी रहें मौजूद।

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के अतिथिशाला का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। अतिथिशाला में 24 कमरे, 3 सुट, मीटिंग हॉल, वेटिंग हॉल सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई गयी हैं। उद्घाटन के पश्चात अतिथिशाला के विभिन्न हिस्सों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। यहां आनेवाले आगंतुकों को ठहरने में काफी सहूलियत होगी। आगंतुकों के लिए यहां सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार की राजनीतिक दिशा एवं दशा 2025 में बदलेगी : लालू

### रालोजपा प्रमुख पारस के दही चूड़ा भोज में शामिल हुए राजद सुप्रीमो

प्रात : किरण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को कहा कि मकर संक्रांति के बाद खरमास खत्म होता है, सूरज अपनी दिशा बदलता है उसी तरह बिहार की भी 2025 में राजनीतिक दिशा एवं दशा बदलेगी। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के आवास एवं कार्यालय में बुधवार को मकर संक्रांति के मौके पर दही चूड़ा भोज का आयोजन हुआ। इस दही चुड़ा भोज में पूरे बिहार से आए पार्टी कार्यकताओं के अलावा राज्य के अलग-अलग दलों के नेताओं के आने से श्री पारस का कार्यालय व आवास पूरी तरह गुलजार रहा। इस आयोजन के अवसर पर श्री यादव अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव एवं राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी के साथ अपने रथ पर सवार होकर पहुंचे। उनके पहुंचने पर पार्टी के पारस, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान, पूर्व सांसद चंदन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ,प्रधान महासचिव केशव सिंह एवं पशुपति कुमार पारस के पुत्र यशराज पासवान ने उनका पूरी गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री यादव ने कहा कि के मकर संक्रांति के बाद खरमास खत्म होता है, सूरज अपनी दिशा बदलते हैं उसी प्रकार बिहार की भी 2025 में राजनीतिक दिशा एवं दशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि पारस हमारे पुराने सहयोगी रहे हैं और उन्होंने लंबे समय तक मेरे साथ मंत्रिमंडल में भी काम किया था यदि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में आती है तो मैं उनका और उनकी पार्टी का स्वागत करूंगा। इससे इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर पारस ने यादव का आतिथ्य एवं सत्कार करते हुए कहा कि हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर हमारे अभिभावक श्री यादव हमारे आवास पर आज पहुंचे हैं, हमारी पूरी पार्टी एवं हमारा परिवार उनका पुरजोर स्वागत कर रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने दलगत भावना एवं भेदभाव से ऊपर उठकर बिहार के सभी पार्टियों को मैंने आमंत्रण भेजा था। हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर लालू प्रसाद सहित पूरा राजद परिवार हमारे पार्टी व परिवार द्वारा आयोजित दही चुड़ा भोज में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का भोज हमारे बड़े भाई रामविलास पासवान हर वर्ष देते थे उसी परंपरा का हम निर्वहन कर रहे हैं।

# विधायक चेतन आनंद को मिला नया आवास

### दही चूड़ा भोज में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री हुए शामिल

पटना। खरमास समाप्त होने के बाद बुधवार को विधायक चेतन आनंद को नया सरकारी आवास मिल गया। चेतन आनंद के सरकारी आवास में प्रवेश करने के बाद दही-चूड़ा भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई मंत्री पहुंचे। दरअसल, नगर विकास एवं आवास विभाग ने गर्दनीबाग में बनाए गए एक फ्लैट को चेतन आनंद के नाम पर आवंटित किया। गृह प्रवेश के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री भी उपस्थित रहे। आगंतुकों का स्वागत चेतन आनंद की मां और सांसद लवली आनंद और पूर्व सांसद आनंद मोहन ने किया। मुख्यमंत्री ने वहां दही चूड़ा के भोज में भाग लिया और फिर उसके बाद वहां से निकल गए। इस मौके पर विधायक चेतन आनंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सहित सभी अभिभावक लोग आए, बड़ी खुशी हुई। यह बड़ा शुभ मौका है। यह पहला सरकारी आवास भी है। इधर, सांसद लवली आनंद ने कहा कि मकर संक्रांति के मौके पर चूड़ा-दही का भोज और लोगों से मुलाकात हम लोगों की संस्कृति रही है। आज इस शुभ मौके पर सभी लोग आए हैं। गृह प्रवेश भी हुआ है। इन सभी लोगों से पारिवारिक रिश्ता रहा है। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि हाल ही में चार विधानसभा क्षेत्रों में हुए उप चुनाव में महागठबंधन चारों खाने चित्त हो गया। जिसने इस उप चुनाव को सेमी फाइनल बताते हुए कहा था कि यह सेमी फाइनल ही 2025 का फाइनल भी तय करेगा, तो सेमी फाइनल ने तय कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार वही हैं और अपनी राजनीति से पूरे देश को प्रभावित कर रहे हैं। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि अगले चुनाव में सत्ता की चाबी नीतीश कुमार के पास ही रहेगी, इस पर उन्होंने कहा, सत्ता ही रहेगी, चाबी की क्या बात है।

उल्लेखनीय है कि एक साल पहले ही शिवहर के विधायक चेतन आनंद सहित चार एमएलए राजद को छोड़कर एनडीए के साथ हो गए हैं। राजद लगातार इन सभी विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग कर रही है। राजद ने पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष को दल-बदल कानून के तहत इन चारों की सदस्यता रद्द करने की मांग करते हुए पत्र भी लिखा था। हालांकि, अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# नए युग की दहलीज पर खड़ा देश विकसित भारत लक्ष्य की ओर बढ़ा : सेनाध्यक्ष

पुणे। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर पर संवेदनशील भी है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पश्चिमी सीमाओं की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है, लेकिन घुसपैठ की कोशिश जारी है। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में काफी कमी आई है। पिछले साल संसद, विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दशार्ता है। परेड के दौरान आर्मी एविएशन के चेतक हेलीकॉप्टरों ने नए फार्मेशन में उड़ान भरी। भारतीय सेना ने टी-90 टैंक भीष्म, के-9 वज्र, बीएमपी सारथ, लाइट स्ट्राइक व्हीकल, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल बजरंग, पिनाका मल्टीपल लांचर सिस्टम, मोबाइल संचार नोड, ड्रोन जैमर प्रणाली, ब्रिजिंग सिस्टम का प्रदर्शन करके अपनी ताकत दिखाई। परेड में कई झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। मिशन ओलंपिक की झांकी ने खेलों के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

# समाचार पत्रों ने की न्यूज प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

### बैठक

### समाचार पत्रों के समक्ष अस्तित्व के संकट को लेकर नई दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रात : किरण

रांची। पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष गहराते संकट और मौजूदा समस्याओं को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की यहां रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई । इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा । बैठक में उपस्थित बिहार , झारखंड , नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्रों के प्रकाशकों - संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं और इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा । बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट) को जीएसटी से मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा । संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट ) पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करें । बैठक में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि आज हिंदी समेत सभी भाषाई




अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है और इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है । उन्होंने कहा कि यदि देश में बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों के समक्ष बंदी की स्थिति उत्पन्न हुई तो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाचार पत्रों से जुड़े एक करोड़ परिवार यानि करीब 5 करोड़ लोग प्रभावित तथा बेरोजगार हो जाएंगे । बेरोजगार होने वाले में प्रखंड, अनुमंडल, जिला तथा राज्य स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के अलावा अखबार के वितरण कार्य में लगे हॉकर तथा एजेंट भी शामिल होंगे। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा और पूरे देश के समक्ष बेरोजगारी को लेकर अलग तरह का बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा । इसके साथ 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया । संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही , मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है जबकि दूसरी ओर डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है। गौरतलब है कि डीएवीपी (अब केंद्रीय संचार ब्यूरो) की ओर से प्रत्येक 3 वर्ष पर विज्ञापन दर संशोधित करने की परंपरा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 फरवरी को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया या कांस्टीट्यूशन क्लब में समाचार पत्र प्रकाशकों - संपादकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें समाचार पत्र उद्योग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी और इस सिलसिले में समस्याओं के समाधान के लिए संघ का शिष्टमंडल प्रधानमंत्री , केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण सचिव , केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के महानिदेशक तथा भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक से मिलकर समाचार पत्र उद्योग के समक्ष उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए विचार - विमर्श और आग्रह करेगा । बैठक में सभी प्रकाशकों और संपादकों की आशंका थी कि यदि समाचार पत्र उद्योग पर गहराते संकट को दूर करने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए गये तो लोकतंत्र के चौथा स्तंभ का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा ।

बैठक में कमल किशोर , रजत गुप्ता, अशोक कुमार, प्रेम शंकर, विनय कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, विनय वर्मा, राहुल सिंह, रोहित दत , देवन राय, संजय पोद्दार, नित्यानंद शुक्ला , एस एम खुर्शीद, सम्पूर्णानंद भारती , सौरभ सिंह, अविनाश चन्द्र ठाकुर , नवल सिंह , मधुकर सिंह, मो रहमतुल्लाह, संतोष पाठक , मुस्तकीम आलम, अनश रहनुमा समेत बड़ी संख्या में प्रकाशक - सम्पादक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय सेना ने थल सेना दिवस मनाया

दानापुर नगर के अंतर्गत बिहार रेजीमेंट केंद्र में थल सेना दिवस के उपलक्ष्य पर सैकड़ो सैनिक एकत्रित होकर वीर स्मृति स्थल पर देश की सुरक्षा में अपनी जान की बाजी लगाने वाले रणबांकुरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। आज भारतीय सेना के तीनों अंगों में सबसे प्रमुख भारतीय थल सेना ने थल सेना दिवस मनाया। थल सेना दिवस मनाने की परंपरा आजादी के समय से ही है।15 जनवरी 1949 को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ने अंग्रेजी अधिकारियों से भारतीय थलसेना की कमान संभाली थी तब से लेकर आज तक हर साल 15 जनवरी को भारतीय थल सेना अपने इस दिन को मनाती आ रही है। थल सेना दिवस मूल रूप से फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। इस दिन सैनिक अपने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और परेड मार्च करते हैं। सेना के उच्च मुख्यालयों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बिहार रेजीमेंट केंद्र में वीर स्मृति स्थल पर ब्रिगेडियर कमलदीप जसपाल, समादेष्टा बिहार रेजीमेंट केंद्र के अलावा विभिन्न अधिकारीयों तथा अनेक सैनिकों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 30 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

मसौढ़ी !भगवानगंज पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनका आबकारी एक्ट मों चालान किया है !भगवानगंज पुलिस ने गश्त के दौरान देवरिया मोड़ के पास से खैनिया गांव निवासी लालबहादुर सिंह के पुत्र पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 20लीटर अवैध देशी शराब बरामद की !वही रौनियाचक गांव से अनूप यादव के पुत्र अवधेश यादव को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 लीटर देशी शराब बरामद की !पुलिस ने दोनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

### बाइक सवार ने साइकिल सवार किशोर को मारी टक्कर, मौत

मसौढ़ी !पटना गया एसएच 01 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के कोल्हाचक गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के अतरपुरा गांव निवासी विनय चौधरी के 11वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में की गई !अंकित मसौढ़ी से पढ़कर वापस घर लौट रहा था उसी समय कोल्हाचक गांव के पास बाइक ने टक्कर मारी दी,उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सड़क जामकर हंगामा करने के आरोप मे फरार आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र में सड़क जाम मामले में एक फरार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए मसौढ़ी थाना अध्यक्ष विजय कुमार येदुवेंदु ने बताया कि सड़क जाम कर हंगामा करने के मामले में बेलौटी गांव निवासी त्रिवेणी राम के पुत्र मोहन राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पूर्व एमएलसी वीके मिश्रा को पुण्यतिथि पर किया याद

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा विभाग की ओर से पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय विजय शंकर मिश्रा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके द्वारा विधान पार्षद के रूप में किए गए कार्यों को याद किया गया। उन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए काम किया। उपस्थित लोगों में अशोक यादव, यश लोक विद्यार्थी, सनोज कुमार, सतीश यादव, कुंदन कुमार यादव आदि थे।

### मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजेंद्र सिंह की स्मृति में रखा गया अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मुख्य ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह की स्मृति पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ बुधवार को रखा गया। इसका समापन 17 जनवरी को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा। संयोजक व उनके पुत्र दया सिंह ने बताया कि विशेष दीवान में श्रद्धा निवेदित करने के लिए संगत व सेवादार शामिल होंगे। विशेष दीवान में शबद कीर्तन, और कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा।

# 534 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के एनक्यूएएस प्रमाणन की प्रक्रिया में तेजी

## प्रखंड स्तर पर एक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रमाणीकरकण के लिए 20 तक आवेदन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने 534 हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों (एक केंद्र प्रति प्रखंड) को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत प्रमाणित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और राज्य के नागरिकों को बेहतर और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। केंद्रों का मूल्यांकन भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) चेकलिस्ट के आधार पर किया जा रहा है।




मूल्यांकन प्रक्रिया और चरणबद्ध क्रियान्वयनः

पहले चरण में, 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रमाणन के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड में 50% या उससे अधिक अंक वाले केंद्रों को दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा। इन केंद्रों को उनके प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर प्रमाणित करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं प्रमाणन की दिशा में आ रहे गैप को या दिक्कतों को जल्द ही जल्द ही निपटाने का निदेश भी दिया गया है। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस के नेशनल असेसर डॉ माहताब सिंह ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार होगा। यह पहल रोगियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और समुदाय का विश्वास बढ़ाने में निश्चित सहायक होगी।

प्रशिक्षण और दस्तावेजीकरण पर जोरः प्रमाणन प्रक्रिया को सटीक और प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीएचओ, एएनएम और आशा को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें प्रमाणन प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा, केंद्रों को आवश्यक दस्तावेज तैयार करने, आंतरिक मूल्यांकन करने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रखंड स्तर के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वे 20 जनवरी 2025 तक अपने क्षेत्र के केंद्रों के प्रमाणन के लिए आवेदन करें।

स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार की उम्मीद

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता आश्वासन, डॉ. अभिषेक कुमार सिन्हा ने कहा कि एनक्यूएएस प्रमाणन हर प्रखंड में कम से कम एक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और विश्वसनीयता को बढ़ाने में सहायक होगा। स्वास्थ्य सेवाओं में सुदृढ़ता की दिशा में प्रयास

यह पहल बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों तक ले जाने और राज्य के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रमाणन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, यह राज्य के स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

# पटना जीपीओ में चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने किया निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पटना जीपीओ के विशाल और ऐतिहासिक परिसर में नवीनीकृत निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य और आधुनिक नवीनीकृत निरीक्षण क्वार्टर का उद्घाटन बिहार डाक परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के द्वारा किया गया` उन्होंने कहा कि यह विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इससे उन्हें बेहतर, सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक आवास सुविधाएं मिल सकेंगी। इस क्वार्टर में न केवल विशाल और हवादार कमरे हैं बल्कि आधुनिक उपकरणों से लैस रसोईघर और सुव्यवस्थित बाथरूम जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, क्वार्टर में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का भी खास ध्यान रखा गया है। पर्याप्त धूप और हवा के आवागमन से क्वार्टर में रहने का अनुभव और भी बेहतर और स्वास्थ्यवर्धक हो जाता है।

नवीनतम उपकरणों और फर्नीचर से सुसज्जित यह नवीनीकृत क्वार्टर उच्च गणमान्य व्यक्तियों के लिए एक सुविधाजनक प्रवास प्रदान करेगो इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए, अनिल कुमार, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार ने निरीक्षण क्वार्टर के उद्घाटन पर अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त की और कहा की यह क्वार्टर पटना में अपने प्रवास के दौरान अधिकारियों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। इस उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने इस नए क्वार्टर की प्रशंसा की और इसे विभाग द्वारा अधिकारियों के कल्याण के लिए उठाया गया एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताया। उद्घाटन समारोह में पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) पटना, रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ; मनीष कुमार, वरीय डाक अधीक्षक, पटना; कुमारी सरिता, उप मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) पटना, ने उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया।

# संदिग्धावस्था में एक महिला की शव खेत से बरामद किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मठियापुर गांव में एक महिला की खेत में संदिग्धावस्था में शव बरामद किया गया सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। महिला के मैके वाले गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। जिसको देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ मामले के गंभीरता को देखते हुए मृतका के सौतन व उसकी बहन को अभिरक्षा में लेकर छानबीन में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजन है मत करो को सौप दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार शाहपुर के मठियापुर निवासी लक्ष्मण राय की पत्नी सीमा देवी 33 का शव पास के खेत में बुधवार की सुबह टहलने निकली लोगो ने देखा। जिसके बाद हल्ला होने लगा। बताया जाता है कि लक्ष्मण राय दानापुर स्थित खटाल में रात को सोने आ जाते थे। घर में मृतका व उसकी सौतन आदि रहती थी। मृतका के भाई दियारा के हाबसपुर निवासी राकेश ने बताया कि उनकी सीमा की शादी 2012 में लक्ष्मण राय से हुई थी। लक्ष्मण राय ने संतान नहीं होने को लेकर दो साल पूर्व दूसरी शादी किया था। राकेश ने बताया कि बहन के साथ बराबर झगड़ा होता था। मौत की खबर पर पहुंचे मृतका के परिजन ने सीमा के सौतन व उसकी बहन पर सीमा की हत्या कर खेत में फेकने का आरोप लगाते रहे। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। उसके नाक से खून निकल रहा था। मामले को संदिग्ध मानते हुए शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनो को सौप दिया गया। फिल्हाल मृतका के सौतन रेखा देवी और उसकी बहन खुशी को अभिरक्षा में रखा गया है। छानबीन की जा रही है। अभी तक मृतका के स्वजनो द्वारा कोई लिखित शिकायत नही की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही कारण का पता चल पायेगा।

# नगर निगम अजीमाबाद अंचल में 1800 पे ग्रेड नहीं दिए जाने पर आक्रोश

## मूल पद के अनुरूप लिया जाए काम, टैक्स वसूली मद में मिले कमीशन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के अजीमाबाद और कंकडबाग अंचल में अब तक 1800 पे ग्रेड नहीं लागू किया गया है। नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामयत्न प्रसाद, संयोजक मंगल पासवान व प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि नगर मुख्यालय से लेकर निगम के चार अंचल एवं जलापूर्ति शाखा में यह पे ग्रेड लागू कर दिया गया है। अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री श्रेया कश्यप, रोकड़पाल विमल कुमार शुक्ला और कंकड़बाग अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार इस पे ग्रेड को लागू करने में आनाकानी कर रहे हैं। समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने इन दोनो कार्यपालक पदाधिकारी को चेतावनी दी कि अगर अविलम्ब 1800 पे ग्रेड लागू नहीं किया गया, तो कर्मी इन दोनों का घेराव करेंगे। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि सफाई पर्यवेक्षकों से सफाई के अलावा टैक्स वसूली और विश्वकर्मा योजना, आवास योजना, मतदाता पर्ची वितरण का भी काम लिया जा रहा है और उन्हें इसके लिये कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता है। एजेंसी जितना निगम का टैक्स नहीं वसूलती थी, उतना से अधिक उसे निगम को वेतन के रूप में भुगतान करना पड़ता था। एजेंसी को हटा कर सफाई पर्यवेक्षकों से कर-वसूली का काम दिया गया और निगम का कर संग्रह लक्ष्य से कई करोड़ अधिक वसूल किया। लेकिन उसका थोडा सा भी अंश पर्यवेक्षकों को लाभांश के रूप में नहीं दिया गया। इसी मुद्दे को लेकर सफाई निरीक्षकों और पर्यवेक्षकों ने आज बांकीपुर अंचल के वार्ड 38 के सामुदायिक भवन में बैठक किया। इसमें सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि मूल कार्य से हट कर अन्य काम में लगाए जाने के विरोध में अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ ही नगर आयुक्त को समन्वय समिति की ओर से पत्र लिखकर मूल काम के साथ ही अन्य काम में न लगाया जाए। अन्य काम का तो अतिरिक्त भुगतान तो नहीं ही किया जाता है, बल्कि अन्य काम में लगा दिये जाने पर सफाई में बाधा उत्पन्न होने पर उल्टे दंडित भी किया जाता है। बैठक में इस बात पर भी रोष व्यक्त किया की कर संग्राहक को कर वसूली का दस प्रतिशत कमीशन दिया जाता था और सफाई पर्यवेक्षकों को दो प्रतिशत भी लाभांश नहीं दिया गया। बैठक में इस बात पर भी रोष व्यक्त किया गया की निगम में अभी भी कर संग्राहक हैं और उन्हें राजस्व के काम में न लगा कर कोई अन्य कार्य में लगा दिया गया है। समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त से मांग की कि सफाई पर्यवेक्षकों से अन्य कार्य न लिया जाए।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की । समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# एनएमसीएच का सर्जरी ओटी हुआ अपडेट, ड्रेस कोड लागू

- अब दो लैप्रोस्कोपिक मशीन से एक साथ दो यूनिट में सर्जरी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के सर्जरी विभाग का ऑपरेशन थिएटर हाल के दिनों में खासा अपडेट हुआ है। पहले खिड़की व शीशा टूटा था। पानी का रिसाव होता था। इससे मरीज के ऑपरेशन के दौरान इन्फेक्शन की संभावना बनी रहती थी। लेकिन विभाग में डॉप्रो पीडी वर्मा के विभागाध्यक्ष बनने के बाद से खासा कायाकल्प हुआ है। अब विभाग के हर स्तर के चिकित्सक, ओटी इंचार्ज, नर्सिंग स्टाफ सभी पूरी तन्मयता के साथ काम करते हैं। लगता है जैसे किसी निजी नर्सिंग होम का ऑपरेशन थिएटर और रिकवरी रूम हो। दोनों जगह पूरी तरह से ड्रेस कोड को भी लागू किया गया है। चिकित्सकों के परामर्श के बाद यहां ऑपरेशन के लिए भर्ती होने वाले मरीजों का जैसे ही ऑपरेशन को नंबर आता है, उस दिन मरीज को रिकवरी रूम में बुलाने के साथ ही उनका विशेष प्रकार का ड्रेस पहनाया जाता है। इस ड्रेस में मरीज ऑपरेशन थिएटर में जाता है। वहां शल्यक्रिया पूरा होने के बाद वापस रिकवरी रूम में लाया जाता है। फिर उन्हें वार्ड में भेजा जाता है। यही नहीं, ऑपरेशन थिएटर में भी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य सहायक के द्वारा पूरी तरह से ड्रेस कोड को मेंटेन करना होता है। इससे कार्य के प्रति लोगों का समर्पण भी बढ़ा है। चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि काम के स्थान पर यदि कार्य करने की संस्कृति को पैदा किया जाए, तो स्वाभाविक रूप से लोगों को काम करने में उतना ही मन लगेगा। वहीं विभागाध्यक्ष डॉप्रो पीडी वर्मा ने कहां की पुराना खराब पड़ा लेप्रोस्कोपिक मशीन को भी ठीक कर दिया गया है। इसके बाद इसे 17 जनवरी को पुराने लैप्रोस्कोपिक मशीन को भी ऑपरेशन में इस्तेमाल करना शुरू किया जाएगा। अब दो यूनिट अलग-अलग एक साथ लेप्रोस्कोपिक सर्जरी कर सकेंगे। किसी भी मरीज का लैप्रोस्कोपिक सर्जरी बाधित नहीं होगा।

### बिहार बालिका नेत्रहीन क्रिकेट टीम ने चंडीगढ़ को 34 रन से हराया

पटना सिटी, केरल के कोच्चि में चल रही राष्ट्रीय दिव्यांग बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार ब्लाइंड बालिका क्रिकेट टीम धूम मचा रही है। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर 190 रन बनाए। इसमें 50 बॉल पर प्रियंका यादव ने 47 रन (नॉट आउट), अंतर्ज्योति बालिका विद्यालय, कुम्हरार की पूर्व छात्रा अन्नू कुमारी ने 19 बॉल पर 22 रन बनाने के साथ ही एक विकेट भी लिया। इसी विद्यालय की छात्रा मनीषा कुमारी ने 11 बॉल पर 11 रन, मुन्नी कुमारी ने 8 रनों का योगदान दिया। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 156 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच प्रियंका यादव को बिहार नेत्रहीन क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। श्री सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के खेल की सराहना के साथ ही चंडीगढ़ की टीम को अच्छे खेल के लिए बधाई दी।

# मठ लक्ष्मणपुर में निकले शिव, मंदिर में श्रद्धालु जुटे, बजा बैंड, नाची किन्नर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मकर संक्रांति को लेकर मठ लक्ष्मणपुर में नव जागृत शिव मंदिर परिसर में और दिन की अपेक्षा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से बाबा भोले नाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना करने के लिए लंबी भीड़ लगी रही। इसमें दूरदराज से आए लोग भी बाबा भोले नाथ के दर्शन के लिए उत्सुक थे। सभी भक्त जयकारा करते हुए मंदिर में प्रवेश कर रहे थे। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था। मंदिर परिसर में श्री शंकर बैंड (सुल्तानगंज) की ओर से शिव भक्ति गीत बजाया गया। इसमें विक्की गायक ने गीत को आवाज दिया। इस दौरान श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर नाचते-झूमते रहे। किन्नर समाज के लोग पूजा-पाठ कर कीर्तन गाकर खूब नाची। मंदिर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। लोगों ने भव्य मंदिर बनाने की मांग सरकार से की है। मौके पर वार्ड 51 के पार्षद बैजू लाल दास ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर बैंड बाजा के कलाकारों को प्रोत्साहित किए और बैंड के प्रमुख मधुरंजन कुमार चुन्नी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में गणेश कुमार, संतोष कुमार, उमा शंकर प्रसाद, पंकज कुशवाहा, नवीन कुमार, त्रिशूल पांडेय, आदित्य कुमार और रामगणेश प्रसाद सेवा भाव में शामिल थे।

# नौ फरवरी को तेली समाज करेगा तेली हुंकार रैली : रणविजय साहू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। आगामी नौ फरवरी को तेली समाज का संगठन बिहार तैलिक साहू सभा, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक श्री रणविजय साहू के नेतृत्व में पटना के मिलर हाई स्कूल में तेली हुंकार रैली का आयोजन करने जा रहा है। बुद्धवार को राजधानी पटना में आयोजित सवांददाता सम्मेलन में रणविजय साहू ने कहा की बिहार में तेली जाति सर्वाधिक आबादी वाली जातियों में से एक है इसके बावजूद तेली जाति आजादी के सत्तर सालों बाद भी समाज की मुख्यधारा से कोसों दूर है। बिहार के मंत्रिपरिषद में तेली समाज का एक भी मंत्री का नहीं होना । चालीस लोकसभा में एक भी सीट तेली जाति को नहीं मिलना । विधान परिषद में एक भी तेली जाति का सदस्य का नहीं होना । इस बात की तस्दीक करता है की तेली समाज के राजनैतिक प्रतिनिधित्व की स्थिति बेहद गंभीर है । बिहार के जाति आधारित गणना में जो सर्वेक्षण सामने आए हैं उसमें तेली समाज की सरकारी सेवा में, शिक्षा में एवं अन्य क्षेत्रों में भी भागीदारी न के बराबर है। श्री साहू ने कहा की बिहार तैलिक साहू सभा तेली समाज के इन्ही




स्थितियों को लेकर हुंकार भरने का काम करेगी । अन्य कई राज्यों की तर्ज पर बिहार में तेली घानी बोर्ड के गठन की मांग, व्यवसायिक आयोग के गठन की मांग के साथ -साथ आगामी विधानसभा चुनाव में सभी राजनैतिक दलों से कम से कम दस दस टिकट तेली समाज को देने की मांग इस रैली के माध्यम से किया जाएगा । बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष साहू भूपाल भारती ने कहा कि रैली की तैयारी को लेकर सभा के अध्यक्ष और विधायक रणविजय साहू विभिन्न जिलों का दौरा करना शुरू कर चुके हैं। बिहार के सभी प्रखंडो, अनुमंडलों एवं जिला मुख्यालयों में भी रैली की तैयारी को लेकर बैठक एवं सभा करके तेली समाज को पटना की रैली में आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा । समाज के नेता बड़ी संख्या में प्रदेश के कोने कोने में जाने शुरू कर चुके हैं। उल्लेखनीय है की बिहार में अतिपिछड़ें वर्ग एवं वैश्य समुदाय में तेली सर्वाधिक आबादी वाली जाति है । आबादी के अनुकूल सभी जातियों को उचित भागीदारी सरकारी सेवाओं में, न्यायपालिका में, निजी क्षेत्र में, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में दिए बिना समाज का सम्यक विकास संभव नहीं है। लोकतंत्र और संविधान सामाजिक न्याय के तहत सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। संवाददाता सम्मलेन में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साव, कोषाध्यक्ष, रेखा गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, रैली संयोजक विमल किशोर बिट्टू, राष्ट्रीय कार्यकारी युवा अध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू, छात्र विंग के अध्यक्ष कुंदन गुप्ता, संपादक अशोक साह अमन, संजीव शेखर गुप्त, प्रदीप कुमार, वैवाहिक समिति के अध्यक्ष प्रीति विमल साहू, जीतेन्द्र साहू, मुकेश कुमार, डॉ. मंटू, राजीव रंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# पेपर मिल में सो रहे श्रमिक की जेसीबी से कुचल कर हुई मौत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली रक्षा बांध पर पेपर मिल है। यहां श्रमिक काम करते हैं और दिन-रात काम चलता है। पेपर मिल में मजदूर का सिर कुचला होने की मिली सूचना पर पुलिस यहां पहुंची। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि पेपर मिल में मजदूर की हत्या की गई है। हालांकि पुलिस ने छानबीन के बाद इस बात का दावा किया कि मजदूर की हत्या नहीं की गई है, बल्कि जेसीबी के चालक की लापरवाही के कारण से उसकी कुचल कर मौत हुई है। दरअसल मृत मजदूर समस्तीपुर के सिंघिया कल्याणपुर का रहने वाला गरीब 50 साल का उपेंद्र राय है। यह पेपर मिल में मजदूरी करता था। वह इस पेपर मिल में ठेकेदार के माध्यम से काम करता था। घटनास्थल पर मौत को लेकर बने संशय के बीच पुलिस ने जांच में मदद के लिए एफएसएल की टीम भी बुलाया। टीम ने मौके से नमूना भी लिया। इस संबंध में फतुहा डीएसपी निखिल कुमार भी यहां जांच करने को पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस को मातेश्वरी पेपर मिल में मजदूर की हत्या होने की सूचना मिली थी, लेकिन पुलिस जब वहां पहुंची तो मिल के अंदर लगे सीसीटीवी को खंगाला गया, तब पता चला कि जेसीबी से कुचल कर मजदूर की मौत हुई है। असल में मजदूर उपेंद्र राय मिल के अंदर सो रहा था। इसी दौरान चालक जेसीबी को पीछे की ओर मोड़ दिया। इसी कारण से मजदूर का सिर कुचल गया और उसकी मौत हो गई। चालक की लापरवाही से यह दुखद घटना हुई है। घटना को कारित करने के बाद से चालक फरार है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस प्रयास कर रही है।

# मो. शकील की हत्या में महिला सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने नौ दिसंबर, 24 को पत्थर घाट में मो शकील की हुई हत्या का उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में दो पुरुष व एक महिला सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सिटी एसपी ईस्ट के. रामदास ने बताया कि यह हत्या बिल्कुल ब्लाइंड केस था। मगर इसमें गंभीरता से जांच की गई और घटना में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल नौ दिसंबर, 24 को रात में पत्थर घाट में एक व्यक्ति की ईंट-पत्थर से पीट कर हत्या कर दी गई थी। बाद में उसकी पहचान चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब के रहने वाले करीब 39 साल के मो शकील के रूप में हुई। वह रिक्शा और ठेला चला कर अपना जीवकोपार्जन किया करता था। उसके भाई ने भी कहा था कि वह शराब भी अधिक पिता था। मृतक के भाई मो खुर्शीद के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मालसलामी थाना में कांड 563/24 दर्ज किया गया। इसके बाद एक टीम का गठन कर आसूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें सबसे पहले राजेंद्र कुमार उर्फ पेटारी को झारखंड के धनबाद जिला के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से चौक थाना क्षेत्र के कैमाशिकोह का रहने वाला स्वर्गीय नन्हक राय का पुत्र है। उससे हुई पूछताछ के बाद उसने घटना में शामिल पत्थर घाट के ही रहने वाले कुंदन कुमार पिता राजेंद्र उर्फ गोरख राय और उसकी भाभी सुदामा देवी पति अरविंद राय को गिरफ्तार किया गया। राजेंद्र को जब गिरफ्तार किया गया तो उसे समय उसके पास से पेट और शर्ट को भी बरामद किया गया जिस पर खून का दाग लगा था। दरअसल कुंदन का कहना था कि मोहम्मद शकील बराबर उसकी भाभी के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार किया करता था। इससे वह नाराज चल रहा था। इसी दौरान वह अपनी भाभी और एक मित्र के साथ मिलकर उसे सबक सिखाने की सोची और घटना को अंजाम दिया। किसी तरीके से उसे पत्थर घाट बुलाया गया और ईंट-पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी गई। कांड के उद्भेदन में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, एसआई अभिषेक कुमार, प्रियंका कुमारी, परि एसआई अविनाश कुमार, एएसआई निरंजन कुमार यादव, संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, गुलाब कुमार, संतोष कुमार और संजीत कुमार शामिल थे। पुलिस ने गिरफ्तार राजेंद्र कुमार उर्फ पेटारी के पास से घटना के समय पहना खून से सना फूलपैंट-शर्ट और एक मोबाइल भी जब्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन लोगों के साथ नकाबपोश लोगों ने की मारपीट

जमुई [ झाझा ] झोपादाह मेला में वाहन पार्किंग के लिए जमीन की घेराबंदी करने के दौरान तीन लोगों के साथ अज्ञात लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का प्राथमिकी थाना में दर्ज हुई है। इस संदर्भ में योगियाटिला गांव के रहने वाले गणपति यादव ने दर्ज आवेदन में बताया कि जब पार्किंग के लिए जमीन घेर रहा था तभी मुंह पर कपड़ा बांधकर 5-6 अज्ञात लोग आया और मुझे और मेरे दो साथी सूचित यादव, दिनेश यादव के साथ उक्त नकाबपोश ने मारपीट कर हमलोगों पर पिस्तौल तान दिया। हल्ला करने पर वे लोग पिस्तौल को उसी जगह छोड़कर फरार हो गया

### एक फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताता की गिरफ्तार वारंटी की पहचान फतेहपुर गांव निवासी इंद्रदेव मंडल के रूप में हुई है जिसके खिलाफ न्यायालय के द्वारा वारंट जारी हुआ था। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय भेज दिया गया।

### महिला और उसके ससुर के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] घर मे घुसकर एक महिला और उसके ससुर के साथ मारपीट एवं छिनतई किए जाने को लेकर महिला ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने महिला ने दर्ज आवेदन में बताई की मै अपने घर पर थी कि तभी अकेला पाकर गांव के ही रहने वाले गुड्डू यादव घर का दरवाजा तोड़ते हुए घर मे घुसकर मेरे साथ जबर्दस्ती करने लगा हल्ला सुनकर जब मेरा ससुर बचाने के लिए आया तो गुड्डू एवं उनके घर के सदस्य जागेश्वर यादव, मोहन यादव, रेणु देवी, गीता देवी लाठी डंडा से मेरे ससुर के साथ मारपीट करने लगा और फिर मेरे साथ भी मारपीट किया। मारपीट के दौरान घर का बर्तन, चांदी का पायल, सोने का कानवाली छीन लिया। महिला ने बताया कि उक्त सभी लोगों ने जान से मार देने की धमकी भी दिया।

# कुव्यवस्था : तीन करोड़ से बने मॉडल स्कूल के नए भवन में शिफ्ट नहीं किए जाने से समस्या

## अफसरों की लापरवाही से गिद्धौर का इकलौता मॉडल विद्यालय खंडहर में हो रहा है तब्दील

- इसमें वर्ग 9 से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई निःशुल्क होनी थी

प्रात : किरण, संवाददाता



गिद्धौर। गिद्धौर-जमुई मुख्य मार्ग पथ से सटे गिद्धौर हाई स्कूल के समीप वर्षों से पूर्व नवनिर्मित लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रखंड स्तरीय मॉडल स्कूल का भवन यूं बेकार धूल फांक रहा है। भवन के आस पास उगी झाड़ियां से स्कूल भवन मानों भूत बंगला का रूप ले लिया है। महज शोभा की वस्तु बन कर प्रखंड का मॉडल स्कूल भवन रह गया है। इतने लंबे अरसे बीत जाने के बाद भी स्कूल को अपने नये भवन में शिफ्ट नहीं करने के पीछे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही है। सरकार जिस उद्देश्य से मॉडल स्कूल भवन का निर्माण कर मेधावी छात्रों के शैक्षणिक स्तर को सुधारना चाहती है। वहीं जिले के अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेरने में लगे हैं समय रहते यदि नवनिर्मित मॉडल स्कूल के भवन पर जिला प्रशासन के अधिकारी संज्ञान नहीं लेते हैं तो आनेवाले दिनों में अन्य भवनों की तरह यह भी खंडहर में तब्दील होने में देर नहीं लगेगा।राज्य की शिक्षा व्यवस्था का हाल किसी से छुपा नहीं है राज्य सरकार भले ही शिक्षा के विकास और सुधार में लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।लेकिन जमीनी स्तर पर सरकार की कोशिशें सफल होती नहीं दिख रही है। हालांकि विभाग शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में लगे हुए हैं, इसे लेकर वह लगातार नए-नए निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मॉडल स्कूल असामाजिक तत्वों का रैन बसेरा बनता जा रहा यह विद्यालय असामाजिक तत्वों का रन बसेरा बन गया है। विद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए खिड़की या अन्य जगहों पर लगे शीशे को लोगों ने तोड़ दिया है। इतना ही नहीं विद्यालय के अन्य उपकरणों यथा बिजली उपकरणों में भी जंग लगकर ध्वस्त हो रहा है। इसके बनने से प्रखंड के शिक्षा प्रेमियों में शिक्षा के प्रति एक नई आशा की किरण जगी थी। वह धाराशाही हो गया है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो.शमशुल होदा ने कहा कि किस कारण से इतनी अच्छी बिल्डिंग विद्यालय के आसपास खेल का मैदान को छोड़ दिया गया है। जबकि सारी सुविधाओं से लैस है। यह तो शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी ही बताएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी के संज्ञान में गया हुआ है। शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगेगा समय जिसके बाद से शिक्षा का स्तर कुछ हद तक तो सुधार है लेकिन अभी भी शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लंबा वक्त लगने वाला है। तस्वीर में दिखने वाला इमारत कोई भूत बंगला नहीं बल्कि के प्लस टू महाराज चन्द्र चूड़ विद्या मंदिर स्कूल है। जिसका निर्माण इसलिए हुआ था कि स्थानीय छात्रों को पढ़ाई के लिए स्कूल में कोई दिक्कत ना हो। सरकार की अवधारणा थी कि वर्ग 6 से लेकर 12वीं तक पढ़ाई निःशुल्क आवास की सुविधा सहित दी जाएगी। इसके लिए शिक्षक प्रकोष्ठ वर्ग कक्ष आवासीय कमरे सहित अन्य सुविधाएं थी। इसकी अवधारणा धराशाही हो गई। इन मॉडल विद्यालय में अभी तक ताले लटके हुए हैं। यह मॉडल स्कूल भूत बंगला में तब्दील हो गया है। सिर्फ सुंदर भवन बनकर इस स्थान की शोभा बढ़ा रहा है। इस विद्यालय का उपयोग स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सिर्फ चुनाव व परीक्षा के समय उपयोग किया जाता है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर पंच पहड़ी गाँव में महाप्रसाद खिचड़ी का वितरण



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई / सोनो : हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर सोनो प्रखंड के प्रसिद्ध पंच पहाड़ी गाँव मे महा प्रसाद खिचड़ी वितरण का शुभारंभ अंचला धिकारी राजेश कुमार एवं सोनो थाना अध्यक्ष दिनानाथ सिंह तथा समाज सेवी राजीव सिंह के द्वारा किया गया। जहाँ पर हजारों की संख्या में लोगों ने महा प्रसाद खिचड़ी खाकर तृप्त हुए । मकर संक्रांति पर्व के दुसरे दिन आयोजित इस महाभोग का वितरण सफल बनाने कई समाज सेवी ओर बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे । पंच पहाड़ी नामक प्रसिद्ध इस पहाडियों पर माता दुर्गा भवानी , बजरंगवली एवं भगवान भोलेनाथ शिव एवं माता पार्वती सहित अन्य कई देवी देवताओं का मंदीर विराजमान हें , जिस कारण इन सभी देवी देवताओं का दर्शन करने के लिए सुबह से ही श्रदालुओं का तांता लगा रहा । आयोजित इस खिचड़ी महाभोग का वितरण कार्यक्रम के मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया । जिस कारण सुबह से लेकर संध्या होने तक पंच पहाड़ी से लेकर सोनो तक लोगों की लंबी कतार लगी रही । बताया जाता है कि मकर संक्रांति सिर्फ एक त्योहार ही नहीं बल्कि यह धर्म ओर विज्ञान का संगम हे । इस पर्व मे खिचड़ी ओर दान की परंपराएं हमारे स्वास्थ्य ओर पर्यावरण को संतुलित करती है , साथ ही समाज में सद्भाव और भाईचारे का संदेश देती है । इस पर्व मे दान पुन्य करना मकर संक्रांति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा इस दिन गंगा स्नान ओर दान करना सबसे अधिक शुभ माना गया है । महा प्रसाद खिचड़ी में दाल चावल ओर हरी सब्जियों का मिश्रण होने के कारण ठंड के मौसम में शरीर को गर्म ओर उजावान बनाती है , साथ ही तिल ओर गुड़ का सेवन पाचन ओर स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदे मंद हे । ज्ञात हो कि खिचड़ी को सुर्य ओर शनि ग्रह से भी जोडा गया है जिस कारण खिचड़ी का सेवन ओर दान करने से ग्रह दोष शांत होती है ओर घरों में सुख शांति बनी रहती है ।

# 15 जनवरी 1934 भूकम्प की विभीषिका - 1500 से अधिक लोगों की गई थी जान :ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। 15 जनवरी 1934 ,विनाशकारी भूकम्प की विभीषिका से सारा मुंगेर क्षेत्र काँप उठा था।, मुंगेर शहर खण्डहर में तबदील हो गया, चारो दिशाओं से चीख की आवाज आने लगी। इस त्रासदी में 1500 से अधिक लोगों की जानें गई। गंगा किनारे लाश ही लाश दाहसंस्कार के लिए देखनें को मिली। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जिन्होंने अनेको बार जेल की यात्राऐं, अंग्रेजी सल्तनत को जुर्म और यातनाऐं सही इस धटना में हमारे पितामह स्व धर्मनारायण सिंह दो बच्चों को बचाने के क्रम में मलवे में दब कर मृत्यु हो गई, अपने एक पुत्र प्रताप नारायण सिंह अपने दो बहनों को छोड़कर दादी माँ सहित शेष सभी इस भूकम्प में दबकर स्वर्गवास हो गये गाँधी जी एवम राजेन्द्र बाबू संग कांग्रेस कार्यकताओं के साथ भूकम्प में हुए क्षति का जायजा लेने मुंगेर आए तो हमारे माधोपुर स्थित आवास लाकर ध्वस्त मकान को दिखाया गया था कि यही धर्मनारायण बाबू का मकान है और शेष बचे लोगों से गांधी जी को मिलाया गया था। आज हम और हमारा सम्पूर्ण परिवार उन्हें याद कर सादर नमन करते है और मृत लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी, डीएम ने दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर । गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक मंगलवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल पोलो मैदान में मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन प्रस्तावित है। सर्व प्रथम हेरू दियारा स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि एवं झंडोतोलन किया जाएगा। पोलो मैदान में निर्धारित समय 9.05 में झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने संबोधित पदाधिकारी को तैयारी से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। महादलित टोलों में भी प्रभारी मंत्री के साथ ही प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस उप महा निरीक्षक द्वारा भी झंडोत्तोलन प्रस्तावित है। इसके लिए उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। 19 जनवरी से रिहल्सल परेड प्रारंभ होगी जिसका 24 जनवरी अंतिम रूप से निरीक्षण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि झांकियों को भी निर्धारित समय सीमा के अंदर ही संपन्न कराने के निर्देश दिए। बेहतर परेड एवं झांकियों के प्रदर्शन पर तीन टोलियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर बीएमपी 9, जिला पुलिस बल, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर कैडेट्स तथा स्काउट और गाइड के छात्र छात्राओं के प्लाटून द्वारा परेड में भाग लिया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# राहुल गांधी के कार्यक्रम में दरभंगा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगें

दरभंगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 18 जनवरी को विभिन्न सामाजिक संगठनों के आह्वान पर श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं से संवाद करेंगे। बुधवार को इसी संदर्भ में बलभद्रपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, पूर्व मेयर अजय जालान व मीडिया प्रभारी मो.असलम ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है, ऐसे में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार दौड़े पर राहुल गांधी के आगमन से प्रदेशभर के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार विधानपरिषद मे कांग्रेस दल के नेता डां. मदन मोहन झा के गृह जिला से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता 101 गाड़ी से पटना जाएंगे। इससे पूर्व जिला कांग्रेस के कार्यकताओं के साथ जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी ने तैयारी को लेकर एक बैठक की। बैठक में, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज झा, दयानंद पासवान, जिला उपाध्यक्ष परमानंद झा, रघुवंश कुमार सिंह, गणेश चौधरी, धनंजय सिंह, राजा अंसारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति महोत्सव पर मेंहदी, चित्रकला एवं पतंग, प्रतियोगिता का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः-कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को बीआरसी परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती की अध्यता मे मकर संक्रांति महोत्सव पर मेंहदी,चित्रकला एवं पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता मे प्रखंड के कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने पतंग, मेंहदी और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप रंजन कुमार दिवाकर, कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, मुखिया गायत्री देवी, की उपस्थिती मे कार्यक्रम का आगाज किया गया, वहीं इस कार्यक्रम मे सभी प्रतिभागियों ने अपना अपना जौहर दिखया जिसमे गठित टीम के द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता में पी एम श्री उच्च विद्यालय दिघौत के छात्रा प्रियंका कुमारी प्रथम स्थान, वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगधर नंदनी कुमारी द्वितीय स्थान, वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिलसा कोदवरिया की रवीना कुमारी तृतीय स्थान चित्रकला प्रतियोगिता में रचना भारती उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरडीह प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय सुनकर के राजा रौनक द्वितीय स्थान, जनता उच्च विद्यालय अलीगंज के अनामिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया पतंगबाजी प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरसंडा के संदीप कुमार प्रथम स्थान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय इस्लामनगर की उषा कुमारी द्वितीय स्थान, वही मध्य विद्यालय दिननगर के तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं सभी सफल प्रतिभागियों को बीडीओ अभिषेक भारती के द्वारा मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, वहीं सम्मानित करते हुए बीडीओ अभिषेक भारती ने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं को मकर संक्रांति पर्व की महत्ता का ज्ञान होगा साथ ही वे अपनी संस्कृत से परिचित होंगे और अपनी परंपरा के संवर्धन में भी सक्षम होंगे. वहीं सीओ रंजन कुमार दिवाकर ने बच्चों को सम्मनित करते हुए कहा की प्रतियोगिता बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सही दृष्टिकोण और संतुलन के साथ, यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में मदद करती है। वहीं प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिवांशु कुमार ने कहा की इस तरह का कार्यक्रम से नए कौशल का विकासः बच्चों को योजना बनाना, मेहनत करना और चुनौतियों का सामना करना सिखाती है। टीमवर्क और सहयोगः टीम आधारित प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चे दूसरों के साथ मिलकर काम करना और सहयोग करना सीखते हैं। दबाव में काम करनाः प्रतियोगिता से बच्चे कठिन परिस्थितियों में धैर्य और समझदारी से निर्णय लेना सीखते हैं।स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महत्वः यह बच्चों को सिखाती है कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, और हर अनुभव से कुछ नया सीखने का मौका मिलता है प्रतियोगिता, बच्चों के समग्र विकास में एक अमूल्य साधन साबित हो सकती है। मौके पर, मुखिया गायत्री देवी प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिवांशु कुमार, बीआरपी सुभाष सक्सेना, नरेश प्रसाद, सीताराम यादव, मुकेश कुमार, विक्रम कुमार, रंगबहादुर शर्मा, शिक्षक अभिषेक कुमार, चंद्रशेखर कुमार,पंकज कुमार, विवेक कुमार, अरविन्द कुमार एवं कई शिक्षक-शिक्षिका के अलावे काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# सदर प्रखंड के नौवागढ़ी मैदान में विरोध प्रदर्शन करते स्वच्छताकर्मी



प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। प्रदेश अध्यक्ष सरवन कुमार के नेतृत्व में मुंगेर जिले के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा सुरक्षा कर्मी ने सभी प्रखंडों में रविवार को विभिन्न मांगों को लेकर स्वच्छता कर्मियों ने विभिन्न प्रखंडों में सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया । स्वच्छ लोहिया बिहार अभियान के तहत विभिन्न पंचायतो में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा स्वच्छता कर्मियों ने मानदेय में वृद्धि के साथ ही सरकारी कर्मी घोषित किए जाने तथा कम से कम 30 हजार वेतन दिए जाने को लेकर कर्मियों ने एकजुट होकर सरकार के विरुद्ध नारे बाजी की । जिला स्वच्छता पर्यवेक्षक सह स्वच्छता कर्मी संघ के जिला अध्यक्ष सरवन कुमार ने बताया कि पंचायत में काम करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों तथा स्वच्छता कर्मियों को समय पर मानदेय नहीं मिलने से उनके समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है । उन्होंने कहा कि इसके विरोध में पूरे प्रदेश के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया । उन्होंने कहा कि अगर सरकार हम लोगों की बातें नहीं मानती है तो चरणबद्ध आंदोलन करने को हम लोग बाध्य होंगे।

# 70 वर्षों के इंतजार के बाद जमालपुर प्रखंड को मिलेगा अपना भवन

- रामनगर में 30 करोड़ की लागत से होगा आधुनिक कार्यालय का निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । जमालपुर। लंबे समय से अपने भवन की प्रतीक्षा कर रहे जमालपुर प्रखंड को आखिरकार राहत भरी खबर मिली है। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने 30 करोड़ 74 लाख 17 हजार रुपये की लागत से रामनगर पंचायत में प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर के निर्माण को मंजूरी दे दी है।इस प्रोजेक्ट के लिए तकनीकी स्वीकृत मॉडल प्राक्कलन के आधार पर निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। जमालपुर विधायक डॉ. अजय कुमार सिंह ने इसे प्रखंडवासियों के लिए नए साल का तोहफा बताते हुए कहा कि यह भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों में सहूलियत प्रदान करेगा, बल्कि प्रखंड के विकास में भी एक नया अध्याय जोड़ेगा। 70 वर्षों का इंतजार हुआ खत्म :- जमालपुर प्रखंड को वर्ष 1954 में प्रखंड का दर्जा मिला था, लेकिन 70 वर्षों बाद भी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का अपना भवन नहीं बन सका। वर्तमान में कार्यालय निजी जमीन पर संचालित हो रहा है, जिसे लेकर कई बार कानूनी विवाद भी हुए। अदालत से जारी कई नोटिसों के बाद यह मामला गंभीर रूप ले चुका था। डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि लंबे समय से प्रखंड कार्यालय की स्थिति अस्थिर बनी हुई थी। उन्होंने कहा, यह बेहद शर्म की बात थी कि जिस कार्यालय का उद्देश्य भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराना और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना है, वह स्वयं अपने भवन के लिए संघर्ष कर रहा था। रामनगर में होगा निर्माण कार्य :- भवन निर्माण के लिए रामनगर पंचायत स्थित सिंचाई विभाग की जमीन को चयनित किया गया है। इस स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर बनाया जाएगा। इसके तहत कार्यालय भवन, आवासीय परिसर, बैठक कक्ष और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। प्रखंड के विकास को मिलेगा बढ़ावा, जमालपुर विधानसभा से महागठबंधन के लोकप्रिय विधायक डॉ.अजय सिंह ने बताया कि इस भवन के निर्माण से न केवल प्रखंड प्रशासन के कार्यों में सुगमता आएगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रखंड वासियों की समस्याओं के समाधान और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे पहल एवं प्रयास से बिहार सरकार के द्वारा स्वीकृति मिलने पर प्रखंड का संरचनात्मक ढांचा सुदृढ़ होगा और प्रशासनिक कार्यक्षमता में वृद्धि होगी :- वहीं जमालपुर प्रखंड के क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए माननीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। शीघ्र होगा निर्माण कार्य शुरू :- सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस पहल से जमालपुर प्रखंड के नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिलेगा।

# लावाबार और कोठी पइन का डीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारी को दिया कई निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

इमामगंज। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को एकदिवसीय पहुंचे गया जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम ने लावाबार और बीकोपुर पंचायत में कई पेईन का निरीक्षण किया। वही सबसे पहले डीएम ने लावाबार पंचायत पहुंचे जहां उन्होंने बाहा पईन, कोठी पईन का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बीकोपुर पंचायत पहुंचे जहां वें कोठी सलैया सड़क के चौड़ीकरण को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने स्थल का निरीक्षण करते हुए अविलंब प्रस्ताव भेजने का निर्देश अधिकारी को दिया। वहीं कोठी पईन का निरीक्षण के बाद बिकोपुर पंचायत के मुखिया मेहरे अंगेज खानम के प्रतिनिधि सह समाजसेवी छोटन खान ने पईन के नजदीक भूखंड पर खेल मैदान बनाने की मांग किया। जिस पर डीएम ने भूखंड का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारी को प्रस्ताव बना कर भेजने का निर्देश दिया।

स्थल निरीक्षण के पश्चात डीएम ने अधिकारी से प्रखंड कार्यालय में बैठक कर कई दिशा- निर्देश दिया। वहीं इस संबंध में डीएम ने बताया कि लावाबार पईन, कोठी पईन, कोठी सलैया सड़क चौड़ीकरण की मांग लोगों का रहा है। इसी सिलसिले में स्थल का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान अधिकारी को प्रस्ताव बना कर भेजने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा खेल मैदान का प्रस्ताव बना कर भेजने के लिए अधिकारी को आदेश दिया गया है। इस मौके पर डीडीसी नवीन कुमार, एसडीओ सारा अशरफ, एसडीपीओ अमित कुमार, बीडीओ संजय कुमार, सीओ सुनीता कुमारी, समाजसेवी छोटन खान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बृजनंदन प्रसाद, मकसूदन खान, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद, लावाबार पंचायत के मुखिया अजय पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# 10 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक नारायण यादव

- पूर्व विधायक स्वर्गीय नारायण यादव के जीवन वृत्त पर लोगों ने विस्तारपूर्वक किया चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता




तारापुर (मुंगेर) । तारापुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले गनैली पंचायत के हरपुर गांव में बुधवार के दोपहर बाद तारापुर के राजनीति क्षितिज में विधायक के रुप में अपना एक बेहतर योगदान एवं क्षेत्र भर में काम करने वाले काफी शिक्षित रहे कम्युनिस्ट पार्टी से पूर्व विधायक बने स्वर्गीय श्रीनारायण यादव की 10वीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक इनके पैतृक आवास पर मनाया गया। गौरतलब है कि आयोजनकर्ता इनके पुत्र बड़े पुत्र भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह इंजीनियर धर्मवीर कुमार एवं दूसरे पुत्र तारापुर विधानसभा से जाप के प्रत्याशी रहे युवा नेता कर्मवीर भारती ने सबसे पहले अपने पिता स्वर्गीय श्री यादव के तैल्य चित्र पर सबसे पहले पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । तो वहीं पुण्यतिथि के मौके पर पहुंचे लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह पूर्व प्रमुख संजीव यादव अवकाश प्राप्त शिक्षक शशि सुमन पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन दिलीप घोष सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल यादव इत्यादि लोगों ने भी बारी - बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । पुण्यतिथि समारोह मौके पर पूर्व विधायक स्वर्गीय यादव को क्षेत्र के कई समाजसेवियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी । स्वर्गीय श्री यादव के कार्यकाल में तारापुर विधान सभा में विकास से लेकर संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत मझगांय गांव के निकट श्रीनारायण यादव इंटर महाविद्यालय की स्थापना कराने से लेकर उनके द्वारा क्षेत्र में किए गए कई अन्य बड़े कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, भवन निर्माण विभाग, पटना**

बिहार सरकार

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13 / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक 25/ 01/2025 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक 27/01/2025 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समयः– दिनांक 27/01/2025 को 3:30 बजे अपराह्न से ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर,पटना। (3) संबंधित सहायक अभियंता, अवर प्रमंडल सं0–1/2/दानापुर, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः– क्रमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Civil Departmental Library South West (Second Floor) & Girls Common Room Main Building N.G.P -13, Patna for the Year 2024-25. | 9,92,500.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 30 Days |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है या क्रमांक 5 पर अंकित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर, पटना**

**PR. No. 017117 (BCD) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ, खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।**

सम्पादकीय

# मार्क जुकरबर्ग का भारत पर बयान - जो रोगन पॉडकास्ट

मार्क जुकरबर्ग ने झूठा दावा किया कि भारत की वर्तमान सरकार कोविड-19 की कमजोर प्रतिक्रिया के कारण चुनाव हार गई, जिसके चलते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। संसदीय समिति ने मेटा को मार्क के बयान पर तलब किया मेटा ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर माफी मांगी घटनाओं की सूचीः तारीख मुद्दा बयान/प्रतिक्रिया 10 जनवरी 2025 जो रोगन के साथ एक इंटरव्यू में, श्री मार्क जुकरबर्ग ने गलत दावा किया कि 2024 के चुनावों में अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें, जिसमें भारत भी शामिल है, हार गईं। मार्क जुकरबर्ग ने कहा,2024 दुनिया भर में चुनावों का एक बड़ा साल था, और इन सभी देशों, भारत और अन्य कई देशों में चुनाव हुए। मौजूदा सरकारें लगभग हर जगह हार गईं। 13 जनवरी 2025 भारत के संदर्भ में यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत था। 2024 के चुनावों में, एनडीए सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, सत्ता में बनी रही। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने मार्क जुकरबर्ग के बयान की तथ्य-जांच की और प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट किया: दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत ने 2024 के चुनावों में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं के साथ एनडीए में विश्वास व्यक्त किया। जुकरबर्ग का यह दावा कि कोविड-19 के बाद 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है। 13 जनवरी 2025 सूचना प्रौद्योगिकी और संचार पर संसदीय स्थायी समिति, जिसकी अध्यक्षता श्री निशिकांत दुबे कर रहे हैं, ने मेटा को इस गलत जानकारी के लिए तलब करने की योजना बनाई।श्री निशिकांत दुबे ने कहाः किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी उसकी छवि खराब करती है। इस संगठन को इस गलती के लिए संसद और यहां की जनता से माफी मांगनी होगी।14 जनवरी 2025 मेटा इंडिया के सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष, श्री शिवनाथ ठुकराल ने मंत्री के ट्वीट के जवाब में मेटा की ओर से माफी मांगी। उन्होंने लिखाः आदरणीय मंत्री , मार्क का यह अवलोकन कि 2024 के चुनावों में कई सत्तारूढ़ दलों को दोबारा नहीं चुना गया, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है, और हम इसके नवाचार के भविष्य में योगदान करने की उम्मीद करते हैं। विवाद का विवरण मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक. के अध्यक्ष और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने जो रोगन पॉडकास्ट में भारत को कोविड-19 महामारी के दौरान सरकारों के प्रति असंतोष का उदाहरण दिया। उनका बयान यह सुझाव देता है कि महामारी के बाद अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले चुनाव हार गईं। केंद्रीय मंत्री की प्रतिक्रिया केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जुकरबर्ग के दावे की तथ्य-जांच करते हुए इसे खारिज किया। उन्होंने भारत के 2024 के चुनावों को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक प्रयास के रूप में बताया, जिसमें 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को एक मजबूत जनादेश दिया। मंत्री वैष्णव ने भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दौरान उठाए गए कुछ प्रमुख कदम भी गिनाएः 800 मिलियन नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण। 2.2 बिलियन मुफ्त वैक्सीन खुराक। 110 मिलियन से अधिक किसानों को वित्तीय सहायता। ड्ट वसुधैव कुटुंबकमह्व (दुनिया एक परिवार है) की भावना को अपनाते हुए अन्य देशों को सहायता प्रदान करना। रणनीतिक निवेश के कारण मजबूत महामारी के बाद की आर्थिक सुधार। संसदीय समिति का कदम श्री निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने मेटा के अधिकारियों को तलब किया है और 20-24 जनवरी के बीच चर्चा करेगी। अगर मेटा द्वारा माफी नहीं दी गई तो कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है। मेटा की माफी मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक, श्री शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और भारत को मेटा के नवाचारों के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया।

# कांग्रेस-आप की जंग में इंडिया को नुकसान

ऐसे समय में जब प्रमुख विपक्षी गठबन्धन ह्यइंडियाह्न को मजबूत करने के लिये उसका नेतृत्व कर रहे कांग्रेस पर दबाव है, दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके और सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जंग इतनी तेज हो गयी है कि शक है कि गठबन्धन में आप रहेगी या नहीं। चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे को नीचा दिखाने पर आमादा कांग्रेस व आप के बीच जो घट रहा है, उससे गठबन्धन की एकजुटता और भविष्य पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। सम्भव है कि इसके बाद आप इंडिया से कांग्रेस को निकालने या उसके हाथों से नेतृत्व छीनने की मुहिम छेड़ दे या स्वयं अलग हो जाये। आप के ताल्लुकात कांग्रेस से हाल के दिनों में काफी बिगड़े हैं। देखना होगा कि यह अदावत क्या गुल खिलाती है। आप का व्यवहार वैसे भी इस मायने में संदिग्ध रहा है कि उसके सभी सियासी कदमों का लाभ केन्द्र की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। विस्तार की महत्वाकांक्षा के चलते पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार उतारने का सिलसिला बनाये रखा था। जहां तक इंडिया गठबन्धन का हिस्सा बनने के पहले की बात थी, तब तक तो ठीक था क्योंकि यह हर पार्टी का अधिकार है कि वह चाहे जहां से अपने प्रत्याशी उतारे व कहीं से चुनाव लड़े। देश का शायद ही कोई ऐसा महत्वपूर्ण राज्य होगा जहां से उसने पिछले दस वर्षों में अपने उम्मीदवार खड़े न किये हों। यह तो सही है कि इसके चलते उसने दिल्ली के बाहर पंजाब में अपनी सरकार बनाई है तथा उसे इसका श्रेय जाता है कि कांग्रेस व भाजपा के अतिरिक्त वही ऐसा दल है जिसकी दो राज्यों में सरकारें हैं। जहां तक इंडिया गठबन्धन में शामिल होने के बाद की बात है, दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही उसने तत्काल अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी- सहयोगी दलों से बात किये या तालमेल की गुंजाइशों पर विचार किये बगैर ही। इंडिया गठबन्धन का सबसे बड़ा अंतर्विरोध यह है कि अनेक राज्यों में कांग्रेस जिन दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है, विधानसभा चुनावों में उनके सामने होती है। इस बाबत तर्क दिया जाता है कि गठबन्धन लोकसभा के लिये है, विधानसभाओं के लिये नहीं। कई मुद्दों को लेकर सहयोगी दल राज्यों में आमने-सामने होते हैं। ऐसी स्थिति में जब वे लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ते हैं तो लोगों को शक होना स्वाभाविक है। इससे कांग्रेस व जिन दलों के साथ उनका राज्यों में मुकाबला होता है, दोनों के पक्के वोटरों को छोड़कर स्वतंत्र मत अक्सर भाजपा की ओर चले जाते हैं। राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान कई दलों को साथ देखा गया परन्तु चुनाव में वे अलग-अलग थे या जो दल इन यात्राओं के पहले हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खिलाफ थे, वे इसमें शामिल हुए और अंततः इंडिया के गठबन्धन का हिस्सा बने। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी के साथ गठबन्धन नहीं हो सका क्योंकि ममता बनर्जी तैयार नहीं हुईं। ऐसे ही, इंडिया में शामिल पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने राज्य में मिलकर नहीं वरन अलग चुनाव लड़ा। उसने ऐसा यहां नेशनल कांफ्रेंस के साथ स्थानीय मुद्दों पर अपने मतभेदों एवं मुकाबले के कारण किया जबकि एनसी भी इंडिया में शरीक है। आप ने पंजाब में कांग्रेस को हराकर सत्ता पाई है, जबकि उसके बाद आप इंडिया में शामिल हो गयी। यह भी पाया गया कि अनेक स्थानों पर आप के चुनाव लड़ने से अंततः भाजपा को ही फायदा हुआ जिसके कारण उसे ह्यभाजपा की बी टीमह्न तक कहा जाता है।

# क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत

**एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं।**





निर्मल रानी

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )

विश्व का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बर्फ़ीले तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बर्फ़ीले तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ह्यइस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है। जहाँ इस बर्फ़ीले तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फायर फाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के काफी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। जाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक खबर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाके में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता? वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिजाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेजी से पिघल रहे हैं। इतनी तेजी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाके जहाँ के लोग बारिश और बर्फबारी से वाकिफ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुँचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित परन्तु जलवायु संकट को खुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते खतरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व गरीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त जरुरत है।

# कुम्भ से पूछिए, हिन्दू धर्म को खतरा कहाँ है

**महात्मा गाँधी ने लड़ी, नेताजी सुभास चंद्र बोस ने लड़ी, भगत सिंह ने लड़ी। असंख्य भारतियों ने लड़ी। लेकिन किसी ने धर्म खतरे में है का नारा न आजादी के पहले दिया और न आजादी के बाद दिया। हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अभी तक तो केवल शैव, वैष्णव और उदासीन अखाड़े ही थे लेकिन अब इनमें किन्नरों का अखाड़ा भी शामिल हो गया है भले ही अभी इस नए अखाड़े को अखाड़ा परिषद ने मान्यता नहीं दी है। इन अखाड़े से जुड़े असंख्य साधू-सन्यासी धर्म की रक्षा के लिए ही सांस ले रहे हैं। इनकी संख्या भारत की सशस्त्र सेना से ज्यादा है। लेकिन ये साधू समाज भी कभी किसी दूसरे धर्म के पूजाघर गिराने के लिए सामने नहीं आये। अयोध्या में बाबरी मस्जिद इन धूतों-अवधूतों ने नहीं बल्कि भाजपा कार्यकताओं और बजरंगियों ने गिराई थी।**






राकेश अचल

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ को देखकर मन में आता है कि जब देश में धर्म की रक्षा के लिए इतने साधू-संत, अखाड़े और श्रृद्धालु मौजूद हैं तो इस देश में हिन्दू धर्म को खतरा कहाँ है? क्यों भारतीय जनता पार्टी और उस जैसे तमाम राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने घोड़े खोल रखे हैं?। जैसा कुम्भ भारत में उपलब्ध है, वैसा तो दुनिया में कहीं और है नहीं। दरअसल धर्म के खतरे में होने की बात कभी हिन्दू धर्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले साधू-संतों की और से की ही नहीं गयी। ये नारा तो नेताओं का नारा है और कुछ धमार्चार्य इस नारे का निनाद करने लगे, क्योंकि उन्हें इसी में अपना भविष्य नजर आने लगा। हिन्दुस्तान में अघोषित रूप से हिन्दुओं की संख्या सबसे ज्यादा है, फिर भी आजादी के बाद हिंदुत्व की उदारता की वजह से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया गया, जबकि 1947 में भी हिन्दू धर्म की ध्वजा उठाने वाले चारों शंकराचार्य और 13 अखाड़े मौजूद थे। इन सभी ने देश की आजादी के लिए उतनी लड़ाई नहीं लड़ी जितनी सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले दूसरे नेताओं ने लड़ी। महात्मा गाँधी ने लड़ी, नेताजी सुभास चंद्र बोस ने लड़ी, भगत सिंह ने लड़ी। असंख्य भारतियों ने लड़ी। लेकिन किसी ने धर्म खतरे में है का नारा न आजादी के पहले दिया और न आजादी के बाद दिया। हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अभी तक तो केवल शैव, वैष्णव और उदासीन अखाड़े ही थे लेकिन अब इनमें किन्नरों का अखाड़ा भी शामिल हो गया है भले ही अभी इस नए अखाड़े को अखाड़ा परिषद ने मान्यता नहीं दी है। इन अखाड़े से जुड़े असंख्य साधू-सन्यासी धर्म की रक्षा के लिए ही सांस ले रहे हैं। इनकी संख्या भारत की सशस्त्र सेना से ज्यादा है। लेकिन ये साधू समाज भी कभी किसी दूसरे धर्म के पूजाघर गिराने के लिए सामने नहीं आये। अयोध्या में बाबरी मस्जिद इन धूतों-अवधूतों ने नहीं बल्कि भाजपा कार्यकताओं और बजरंगियों ने गिराई थी। हिन्दू धर्म के खतरे में होने की बात कम से कम मेरे तो गले नहीं उतरती, हिन्दू धर्म यदि इतने बड़े फौज-फांटे के रहते हुए यदि खतरे में है तो इस धर्म के होने या न होने का कोई मतलब नहीं है। इस समय मै प्रयागराज में नहीं होकर भी, वहीं हूँ। लगभग सभी टीवी चैनलों के जरिये बाबाओं के उद्घोष सुन रहा हू। पढ़े-लिखे और अनपढ़ सभी किस्म के बाबा कहते हैं कि वे तो विश्व कल्याण के लिए साधनारत हैं, लेकिन उनकी कठोर साधना का प्रतिफल विश्व को तो छोड़िये भारत को ही नहीं मिल पा रहा है। इतने प्राचीन और विशाल धर्म के होते हुए भी इस देश में नफरत की आंधियां चल रहीं है। भय का वातावरण है। हैरानी तो इस बात की होती है कि देश का ये विशाल साधक समुदाय हिन्दू धर्म के अपहृत होने के खिलाफ अपनी धर्म ध्वजाएं नहीं उठाता। कोई अखाड़ा किसी रजनीतिक दल से नहीं पूछता कि उनके रहते हिन्दू धर्म को खतरे में क्यों बताये जा रहा है? क्यों हिंदुओं के नाम पर वोट मांगा जा रहा है। क्यों किसी ने अपने आपको हिन्दू धर्म का स्वयंभू ठेकदार घोषित कर रखा है? महाकुम्भ में आम आदमी भी आ रहा है और खास आदमी भी। आम आदमी के लिए यहां जितने इंतजाम हैं उससे कहीं ज्यादा और बेहतर इंतजाम खास आदमी के लिए हैं। अखाड़ों में भी देशी भक्तों की वजाय विदेशी भक्तों की पूछ-परख है। कोई यहाँ केवल पुण्य प्राप्ति के लिए आ रहा है तो कोई अपने घोषित और अघोषित पाप धोने के लिए। गंगा को मैला सभी कर रहे हैं। दुनिया में कौन सी ऐसी पुण्य सलिला है जो एक दिन में दो से ढाई करोड़ से ज्यादा आबादी का पाप धो दे? महाकुम्भ को लेकर जितने सवाल मेरे मन में पैदा हो रहे हैं उतने सवाल आपके मन में शायद पैदा न हों क्योंकि आप इस महा आयोजन के प्रति केवल श्रृद्धा से भरे हैं। श्रृद्धा से मै भी भरा हू। किन्तु मै प्रश्नाकुल हूँ। हमारा मीडिया प्रश्नाकुल नहीं है। हमारा मीडिया, हमारी सरकार, हमारी जनता इस समय भाव-विभोर है। आल्हादित है। उसे महाकुम्भ के सामने इस समय न दिल्ली के षणयंत्र दिख रहे हैं और न किसानों का आंदोलन। उसे न डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की कुगति दिख रही है और न भारत की सम्प्रभुता पर मंडराते खतरे। पूरा देश इस समय धर्म की हिलोरें ले रहा है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि अब तो बंगाल की सरकार भी धर्म का धंधा करने पर उत्तर आयी है। बंगाल की सरकार ने महाकुम्भ के जबाब में गंगासागर स्नान के लिए दो-दो पेज के विज्ञापनों से देश के सभी भाषाओँ के अखबार पाट दिए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी को लगता है कि एक अकेले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्म के ठेकेदार क्यों बने रहें? बहरहाल यदि आपको मेरी बात पर भरोसा है तो निश्चिन्त हो जाइये हिन्दू धर्म को लेकर। हिन्दू धर्म को देश में कोई खतरा नहीं है है। खतरे में हैं तो केवल राजनीतिक दल और उनके नेता और ये ही देश के लिए सबसे बड़े खतरा हैं। लेकिन मुश्किल ये है कि न आप नेताओं से बच सकते हैं और न नाग-धड़ंग बाबाओं से। बाबा जहाँ त्याग की प्रतिमूर्ति हैं, वहीं उनके महंत और महा-मांडलेश्वर तथा नेता लूट-खसोट और भ्ष्टार्चार की प्रतिमूर्ति। कुल मिलाकर हर-हर महादेव बोलिये और अपने ज्ञानचक्षु खोलिये।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले



ललित गर्ग


अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,गुरूवार,16 जनवरी, 2025



# गेंडों की चहलकदमी से फसल को नुकसान,किसान परेशान



प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। वीटीआर जंगल से सटे गांवों के किसानों की परेशानी जंगली जानवरों को लेकर इनदिनों बढ़ी हुई है।खेतों और खलिहानों में जंगली जानवर बेरोकटोक पहूंचकर खेतों की फसलों को रौंद रहे हैं और चर रहे हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।संतपुर सोहरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि खेतों में गेहूं की फसल लगी हुई है,हिरणों की झुंड समेत इनदिनों गेंडे ने खेतों में चहलकदमी कर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। वीटीआर जंगल और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच कोई बेड़ा या तारकंडी नहीं लगी हुई है जिस कारण जंगली जानवर जंगलों से निकलकर खेतों की तरफ चले आते हैं और खेतों को नुकसान पहुंचा रहे है। मुखिया प्रतिनिधि ने आगे बताया कि खेतों की रखवाली करने वाले किसानों को भी जंगली हिंसक जानवरों का खतरा बना रहता है। पूर्व में भालू के हमले से कई किसान जख्मी भी हो चुकें है।हालांकि इन्हें वन विभाग से मुआवजा भी दिया जाता रहा है,लेकिन यह मुआवजा ना तो समय पर मिलता है और न ही इसकी राशि घायलों के लिए पर्याप्त होती है ।

# सोहरिया पंचायत भवन में एसएसबी और ग्रामीणों की सीमा मित्र की बैठक

**कटाई बुनाई,मोड़ा,टोपी जैसे कार्यो का महिलाओं के लिए प्रशिक्षण योजना लाने की मांग**




प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के संतपुर सोहरिया पंचायत स्थित पंचायत भवन में एसएसबी 21 वीं बटालियन के जवानों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की इस बैठक की अध्यक्षता कंपनी प्रभारी इंस्पेक्टर जीडी लोकेश बनिया ने की। इस दौरान 14 बलकर्मी भी मौजूद थे। संतपुर सोहरिया के मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि एसएसबी तरह तरह की ग्राम विकास के लिए,युवाओं के लिए रोजगार परक योजनाए चलाते रहती है।इस बैठक के दौरान हमने श्रीमान से आग्रह किया है कि हाथों से बने हैंडलूम की तरह तरह के वस्तुओं कटाई बुनाई,मोड़ा,टोपी आदि के लिए ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित करने की योजना लाए ताकि ग्रामीण महिलाओं को बढिया से बढ़िया प्रशिक्षण मिल सके।

बतादें की एसएसबी और ग्रामीणों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करने के लिए सीमा मित्रों की बैठक ग्रामीण स्तर पर करते रहतें हैं।

इस बैठक के माध्यम से लोगो को गांवों में होने वाली गलत गतिविधियों की जानकारी, देश विरोधी गतिविधियों की जानकारी समेत अन्य वांछित गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए जागरूक किया जाता है।

# डीएम ने जागरूकता रथ एवं कला जत्था को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




■ 7 दिनों तक जागरूकता रथ एवं कला जत्था के माध्यम से लोगों को भूकम्प से बचाव के लिए किया जायेगा जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। 15 से 21 जनवरी तक म भूकम्प सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।इस आयोजन के माध्यम से लोगों को भूकंप आपदा की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जागरूकता रथ एवं कला जत्था के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगामी 7 दिनों तक 10 जागरूकता रथ एवं कला जत्था विभिन्न प्रखण्डों में जाकर लोगों को भूकम्प की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेगी।इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता एवं जिला आपदा शाखा प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# 28 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



बेतिया । पुलिस अधीक्षक बेतिया के निदेर्शानुसार अनुमंडल क्षेत्र में मादक पदार्थ, अवैध शराब की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 जनवरी 25 को गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 3.00 बजे भंगहा थाना एवं एस.एस.वी.के द्वारा संयुक्त रूप से नगरदेही में ओरिया नदी सीमा स्तंभ संख्या 423/6 के पास नाका लगाकर छापामारी कर एक व्यक्ति को 28.5 किलोग्राम मादक पदार्थ(गांजा) के साथ गिरफ्तार किया गया है ।जबकि दूसरा व्यक्ति गांजा फेंक कर अंधेरा का लाभ उठाकर नेपाल भागने में सफल रहा है। वही गिरफ्तारी आरोपियों में में प्रभु पटेल पिता ब्रह्मदेव पटेल ग्राम परसवा थाना सेरवा जिला परसा नेपाल। जबकि पुलिस द्वारा बरामद सामानों में 28.5 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा)है। बेतिया पुलिस ने कहा है कि वह अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण में सर्वोत्कृष्ट के लिए सदैव तत्पर।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष अभियान में 43 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। सारण पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में जिले में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री,भण्डारण, निर्माण तथा परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई के लिए 14 जनवरी को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-43 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-04, शराब सेवन-13, वारंट में 14 , हत्या के प्रयास में-03, हत्या में-03, आर्म्स एक्ट में-02, अपहरण में-02 एवं एस सी एस टी एक्ट में 02 अभियुक्त शामिल हैं।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-41 वाहन से 99,500 रु० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-187 लीटर, विदेशी शराब-0.72 लीटर एवं मोटरसाइकिल-01 बरामद किया गया।

### केसीटीसी कॉलेज के नए प्राचार्य बने प्रो. संत साह

रक्सौल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय रक्सौल के नव पद स्थापित प्राचार्य प्रो. संत साह को सम्मानित किया गया और मिठाई भी खिलाई गई। छात्र नेता अंकित कुमार ने उनसे अपेक्षाएं जताई कि संत साह सर के कार्यकाल में कॉलेज कैंपस में सभी कर अपने नियमित समय पर होगी और कैंपस में अनुशासन बनी रहेगी। मौके पर अभाविप जिला संयोजक अंकित कुमार, जिला सह संयोजक सुरभी सिंह, सुहानी सिंह, निधि सिंह, रंजना सिंह, कुमार अमित, उज्जवल मिश्रा, शर्मा जी, प्रेमप्रकाश सर, पूर्व प्रभारी प्राचार्य जीसू पासवान, शशि तिवारी, रणधीर सर, राहुल कुमार एवं फैज उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, पांच घायल

दरियापुर। थाना क्षेत्र के नसूचक गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी,डंडे व तलवार चले।जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग बुरी तरह से घायल हो गए।घायलों में एक पक्ष के योगेन्द्र राय उसका पुत्र धर्मेंद्र कुमार तथा दूसरे पक्ष के मदन सिंह,नवीन कुमार व प्रदीप कुमार शामिल हैं। घायलों में एक पक्ष के लोगों को परसा तथा दूसरे पक्ष को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।इस संबंध में दोनों पक्षों ने थाने में अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# बिहार एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की वैदिक मंत्रोउचारण के साथ शुरूआत,225 सीटें जितने का किया शंखनाद

**एनडीए के पांचों घटक दलों के नेता एक मंच पर एकजुटाता दिखाई**

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बिहार एनडीए कार्यकर्त्ता सम्मेलन का वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ भव्य शुरूआत कर बगहा से 225 सीटें जितने का शंखनाद करते हुए पार्टी कार्यकर्त्ताओं से एक होकर एनडीए प्रत्याशीयों को जिताने की अपील की गईं। कार्यक्रम में एनडीए घटक दल के सभी प्रदेश अध्यक्षों समेत बूथ स्तर के अध्यक्ष और हजारों कार्यकर्त्ता मौजूद रहें। बिहार बीजेपी अध्यक्ष और मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल नें लालू राबड़ी राज पर जमकर प्रहार किया, उन्होंने तेजस्वी मीसा पर निशाना साधते हुए कहा की अब भाई बहन को नीतीश कुमार का जूठन भी नसीब नहीं होनें वाला है, बिहार की जनता नें जंगलराज के शासनकाल को नकार दिया है।दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर पलटी मारने की अफवाहों के बीच बगहा के बबुई टोला मैदान में कार्यकर्त्ताओं का मेला लगा जहां कार्यकर्त्ताओं में चुनावी जोश भरा गया। इस दौरान सभी पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्षो नें एक स्वर में बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ने का ऐलान किया।

बता दें की मंच पर बीजेपी, जेडीयू, लोजपा रामबिलास, हम और रालोमा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष एक साथ मौजूद रहे। जब अलग अलग दलगत कार्यकर्त्ता व नेता होनें का नहीं बल्कि एनडीए कार्यकर्त्ता बनकर आने वाले चुनाव में अपने उम्मीदवारों को एकजुट होकर जिताने की अपील की गईं।

खास बात यह है की इस सम्मेलन में एनडीए नेताओं नें कहा की देश में पीएम मोदी और बिहार में नीतीश कुमार का कोई विकल्प नहीं है। 5 पार्टी 15 तारीख और 2025 में 225 सीटों का महासंयोग बन रहा है। जिसका आगाज आज बगहा की पावन धरती से कर दिया गया है।

बिहार के राजनितिक इतिहास में यह पहला मौका है जब एनडीए के पांचों घटक दल के बड़े नेताओं नें एक मंच पर एकजुटता दिखाई और जय एनडीए तय एनडीए के साथ 2025 फिर से नीतीश का नारा बुलंद किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कैंप आयोजन से गरीबों को बड़ा लाभ मिलता है : भाजपा नेता

## मेडिकल कैंप में 110 मरीजों की हुई जांच, निःशुल्क दवा भी दी गई

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में नैशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के बैनर तले छपरा सदर प्रखंड के उमधा गांव में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया ' जिसमें चिकित्सकों ने 110 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराया। मेडिकल कैंप में डा. राजु, डॉ पुष्पा और नर्सिंग से मिस्टर अहमद आदि द्वारा मरीजों को बेहतर ढंग से इलाज कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया ' उमधा गांव में आयोजित एक दिवसीय मेडिकल कैंप में ठंड के कारण बुखार, सरदर्द, पेट दर्द, लिवर गुर्दा, बवासीर, पथरिया, पेशाब के रोग, गांठ एवं रसौली, मनोरोग तथा डिप्रेशन आदि के रोगी उपस्थित हुए। डॉक्टर ने मरीजों को मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ-साथ काउंसलिंग कर बीमारी के हिसाब से परहेज एवं रख -रखाव के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। मेडिकल कैंप की अध्यक्षता भाजपा के वरीय नेता व संघ के स्वयंसेवक मनोज सिंह उर्फ पप्पु भैया ने किया ' इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा की सुविधा व अस्पताल नहीं है। लोगों की पहुंच स्वास्थ्य सेवाएं तक सीमित है , आर्थिक तंगी और जागरूकता का भी अभाव है ' भाजपा नेता मनोज सिंह यह भी कहा कि यही कारण है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग समय पर अपना इलाज नहीं करा पाते, जिससे उनकी बीमारियां गंभीर रूप धारण कर लेती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेडिकल कैंप आयोजन से गरीबों को बड़ा लाभ मिलता है ' भाजपा नेता ने कहा कि उमधा गांव में आयोजित मेडिकल कैंप में लोगों को निःशुल्क इलाज के साथ -साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य लोगों के अलावा जलालपुर खंड के खंड कार्यवाह अमरेंद्रजी, खंड कार्यवाह पंकजजी,फकुली पंचायत के युवा और कर्मठ मुखिया सुमित कुमार सिंह, खंड बौधिक प्रमुख विश्वास गौतम, शाखा कार्यवाह रंजीत सिंह, शारीरिक प्रमुख रंजन कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, भोला सिंह, शिवजी सिंह, सुमित कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, नंदन कुमार सिंह, राजेश सिंह, प्रेम कुमार सिंह, कृष्णा सिंह एवं अवधेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# सैकड़ो मंदिरों में कंबल और नूतन वर्ष का पंचांग वितरण किया

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धर्म प्रसार के अंतर्गत छपरा शहर के विभिन्न प्रमुख धर्मनाथ मंदिर, बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वेंकटेश मंदिर कटरा जैन मंदिर, काठ की देवी जी ,पुराना कालीबाड़ी, बाबा बटुकेश्वर नाथ पंच मंदिर ,दाऊजी मंदिर ,सांवलिया जी का मंदिर ,सत्यनारायण मंदिर , लक्ष्मी जी का मंदिर रतनपुरा शाह बनवारी लाल पंच मंदिर गुदरी बाजार, शिव मंदिर ,दुर्गा मंदिर ठाकुरबारी दौलतगंज , अस्पताल चौक दुर्गा मंदिर जोगणिया कोठी दुर्गा मंदिर ,कचहरी स्टेशन शिव मंदिर ,दुर्गा मंदिर ,माता शाकंभरी देवी मंदिर दहियावां, तपोवन शिव हनुमान मंदिर ,मारुति मानस मंदिर महर्षि दधिचि आश्रम मंदिर सहित सैकड़ों मंदिरों में विक्रम संवत 2082 का पंचांग वितरण एवं कंबल का वितरण राजेंद्र सरोवर पर जरूरतमंदों को भी दर्जनों कंबल का वितरण किया गया।अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक के साथ शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सवार्नंद सिंह एवं रजनीकांत ने वितरण किया। इस अवसर पर अरुण पुरोहित ने कहां प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद छपरा शहर के सैकड़ो

# डोरीगंज मे दो हत्या अभियुक्त गिरफ्तार

डोरीगंज। डोरीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गाँव से स्थानीय पुलिस ने दो अप्राथमिकी हत्या अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना पर की गयी छापेमारी मे थाना क्षेत्र के जलालपुर गाँव से एक हत्या मामले मे दो अप्राथमिकी अभियुक्त बब्लु कुमार एवं सिब्लु कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।विदित हो कि जुलाई माह मे जलालपुर के टार्जन कुमार उर्फ छोटु की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेक दिया गया था। जिसके अनुसंधान मे इन दोनो गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आया था।

# मसहां ने असोइया को हराकर खिताब जीत लिया ,पूर्व मंत्री ने फीता काट कर किया उद्घाटन

प्रातः किरण, संवाददाता



मढ़ौरा। सेमरहिया खेल मैदान अंबेडकर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच का उद्घाटन स्थानीय विधायक व पूर्वमंत्री जितेंद्र कुमार राय ने फीता काट कर किया इस दौरान पूर्व मंत्री ने मैच का शुभारंभ बल्लेबाजी करते हुए दोनों ही टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। असोइया और मासाहा के बीच खेले गए इस फाइनल मैच में मसाहा ने असोइया को हराकर खिताब जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असोइया की टीम ने निर्धारित ओवरों में कुल 83 रन बना सकी। जबकि मांसाहा की टीम ने दो विकेट खोकर निर्धारित ओवर के अंदर 84 रन बनाकर इस फाइनल मुकाबले को जीत लिया।

इस दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री जितेंद्र राय के अलावा, मुखिया मुन्ना ठाकुर, मुखिया हरेश पासवान, पैक्स अध्यक्ष काशीनाथ राय, वीर आदित्य,राजन सिंह,राहुल कुमार,परमात्मा जाटों, सहित अन्य कई गणमान्य लोग व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर जीते हुए टिम को स्थानीय पैक्स अध्यक्ष काशीनाथ राय ने पुरस्कार के रूप रेंजर साईकल दे कर सम्मानित किया।

# एकमा के रामेश्वर गोप ने भिखारी ठाकुर रचित लोकगायन की प्रस्तुति दी

प्रातः किरण, संवाददाता




एकमा।मकरसंक्रांति की शाम छपरा भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में बिहार कला -संस्कृति व युवा विभाग सारण की पदाधिकारी विभा भारती के नेतृत्व में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकमा माधोपुर गांव निवासी प्रसिद्ध लोकगायक रामेश्वर गोप ने लोकगायन की।जिले के चर्चित कलाकारों के शास्त्रीय गायन के बीच लोकगायक गोप ने भिखारी ठाकुर रचित गंगा गीत की प्रस्तुति की।चलली गंगोत्री से गंगा माई अइली हरिद्वार ,धन धन भागीरथ कइले पुरूखन के उद्धार ,रखीह चरण के शरण ए मोरी गंगा जी हो ,कहत भिखारी दास भारी बा तरास गीत के साथ मकर संक्रांति खिंचड़ी मिलजुल मनावे के शुभकामना गीत गाकर तालियां बटोरी तबले पर रौनक रतन सिंह ने संगत की ।कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बाल कलाकार अराध्या का मनोहर नृत्य रहा जिसकी प्रशंसा की गई।

इसके पूर्व जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।मंच संचालन संजय भारद्धाज द्वारा किया गया।कार्यक्रम समापनोपरांत कला संस्कृति पदाधिकारी विभा भारती द्वारा सम्मानित करते हुए कहा कि जिले के कलाकार प्रतिभा शाली हैं।हर नये व वंचित कलाकारों को मंच प्रदान करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

# अगामी एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

■ एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जदयू ने झोका ताकत

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा।आगामी 20 जनवरी को शहर के राजेंद्र स्टेडियम छपरा में आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को सर्किट हाउस में बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने की।इस दौरान जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कार्यकताओं से सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की और कहा कि यह कार्यक्रम एनडीए के संगठन को और मजबूत करेगा।उन्होंने सम्मेलन के लिए सभी प्रखंडों और जिलों से कार्यकताओं को शामिल होने का आह्वान किया।वहीं सारण प्रमंडल संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाएं।उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन एनडीए की ताकत को प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर है।वहीं बैठक में जदयू के पूर्व विधायक धूमल सिंह ने कहा कि एकमा विधानसभा से काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल होंगे साथ ही उन्होंने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव दी।कार्यक्रम स्थल की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और आमंत्रण प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई।वहीं प्रदेश से नियुक्त सभी विधानसभा प्रभारी ने इस बात पर जोर दिया कि सम्मेलन में एनडीए की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।यह सम्मेलन आने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए एनडीए के कार्यकताओं और नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास है।यह कार्यक्रम एनडीए को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी डॉ राहुल परमार ,नरेंद्र चंद्रवंशी,संजय गिरी ,नंदकिशोर राय ,अब्दुलवाकी , गुलाम गौस रायन ,संदेश महतो ,रवि चंद्रवंशी, लालाबाबू कुशवाहा, नंदकिशोर राय ने संबोधित किये।बैठक में मुख्य रूप से आनंद किशोर सिंह , जयप्रकाश यादव ,डॉ विशाल सिंह राठौर, सत्येंद्र सिंह ,अरशद परवेज मुन्नी ,महेश सिंह ,पशुपतिनाथ पटेल ,मनोज पटेल ,रखी कुशवाहा,बसंती देवी , काजिम रजा रिजवी , सुनील सिंह कश्यप, ब्रिजकिशोर चंद्रवंशी ,भगवान दास ,मन्नू गिरी , ओमप्रकाश शर्मा , शैलेंद्र सिंह , ई प्रभाष शंकर ,भोला सिंह , दिलीप ठाकुर ,रमेश चौरसिया ,चंद्रभूषण पंडित ,अंकित कुमार सिंह, संतोष सिंह पटेल, लालमुनि देवी ,विजेंद्र सिंह , पवन वर्मा ,मनोज सिंह ,अजय सिंह ,सत्यनारायण सिंह ,मनोज सिंह ,कुसुम आदि थे।

# मकर संक्रांति के मौके पर बच्चों के बीच बांटे पतंग

प्रातः किरण, संवाददाता




इसुआपुर ।मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को प्रखंड के डटरा पुरसौली गांव में समाजिक कार्यकर्ता विजय साह ने सैकड़ों बच्चों के बीच पतंग का वितरण किया। उन्होंने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के दिन निःस्वार्थ भाव से बच्चों के बीच पतंग का वितरण करते हैं। इस कार्य में उन्हें बेहद आनंद भी आता है। वहीं बच्चे पतंग पाकर काफी खुश हुए तथा पतंगबाजी का आनंद उठाया। पतंग वितरण के मौके पर विजय साह ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की धार्मिक मान्यताएं हैं। तमिल रामायण के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पहली बार पतंग भगवान श्रीराम ने उड़ाई थी। ऐसा कहा जाता है कि उनकी पतंग इतनी ऊंची उड़ रही थी कि वह इंद्रलोक तक पहुंच गई थी। तभी से मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हो गई। पतंग उड़ाने को शुभता और खुशी का प्रतीक भी माना जाता है।

इसीलिए इस दिन बच्चों से लेकर बड़े सभी पतंग उड़ाने के लिए बेहद उत्सुक रहते हैं। मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर लोग अपने जीवन में खुशहाली और सफलता की कामना भी करते हैं। पतंग वितरण कार्यक्रम में राजू कुमार गुप्ता, राजा कुमार, रंजन कुमार, गोलु कुमार, विनय कुमार, प्रकाश कुमार, अभिषेक कुमार, मालिक कुमार गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

# पटना तक मेमू ट्रेन चलवाने को लेकर सांसद सिग्रीवाल से मिला जनकल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल

प्रातः किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर।सिवान/छपरा से पटना जंक्शन तक कार्यालय समय पर नियमित स्थायी मेमू सवारी गाड़ी की मांग को लेकर लगातार प्रयासरत जनकल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल बुधवार महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल से मिलकर मांगपत्र सौपा।

इस अवसर पर सदस्यों ने आग्रह किया कि जेपी सेतु रेल पुल निर्माण के वर्षों बीत जाने के बाद भी सारण जिले को लोगों को सुबह कार्यालय समय पर पटना जाने के लिए कोई उपयुक्त सवारी गाड़ी नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस समस्या के कारण जिले के गरीब गुरबों को सड़क मार्ग से ज्यादा किराया देकर राजधानी पटना दवाई पढ़ाई और कमाई के लिए जाना पड़ता है। इसलिए इसपर संज्ञान लेते हुए माननीय सांसद सीग्रीवाल ने इस विषय को आगामी लोकसभा सत्र में सदन में उठाने का आश्वासन दिया।श्री सीग्रीवाल ने कहा कि यह आमजनमानस की समस्या है और अगले सत्र में इसे प्राथमिकता के तौर पर उठाया जाएगा।मांगपत्र सौपने वाले प्रतिनिधिमंडल में समिति के संरक्षक अनिल सिंह, संयोजक सुदर्शन ठाकुर, अध्यक्ष कुणाल सिंह, महासचिव किशोर सिंह, व प्रवक्ता तनुज सौरभ शामिल थें।

# न्यायालय कर्मी गये अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बिहार भर के न्यायालयों का कार्य होगा बाधित

छपरा ।व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हीरा नाथ ठाकुर एवं रवि प्रकाश तथा सचिव सर्वरण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी एवं महामंत्री सत्यार्थ सिंह के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय कर्मचारी कल से पूर्णतया हड़ताल पर रहेंगे। सोनपुर और मढ़ौरा अनुमंडल न्यायालय के कर्मी भी हड़ताल पर रहेंगे। सारण व्यवहार न्यायालय के सचिव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिनांक 24 दिसंबर 2024 को महामहिम राज्यपाल महोदय को बिहार सरकार को पत्र दिया गया था। पुनः 2 जनवरी 2025 को एक बैठक भी आयोजित की गई थी और सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ मुख्य शाखा पटना के आह्वान पर छपरा व्यवहार न्यायालय के सभी कर्मचारी अपने चार सूत्री मांगों के लिए 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। जिसकी सुचना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित जिला पदाधिकारी को भी पूर्व में दिया गया है। हड़ताल के कारण न्यायालय एवं न्यायालीय कार्यालय समेत फैक्स ईमेल इंग्लिश ऑफिस नजारत लेखा विभाग केस फाइलिंग काउंटर रिलीज और रिमांड सभी तरह का कार्य पूर्णतया बंद रहेगा।कर्मचारी संघ की मुख्य चार मांग जिसमें सभी संवर्ग तृतीय एवं चतुर्थ के कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति दी जाने के संबंध में तथा वेतन विसंगति को जल्द से जल्द दूर किए जाने एवं शत प्रतिशत अनुकंपा पर बहाली किए जाने तथा राज्य कैडर को पुनः लागू करने के संबंध मे है।

## खरमास समाप्त होते ही बजने लगी शहनाई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : 14 जनवरी मंगलवार को मकर संक्रांति के दिन खरमास संपन्न हो गया ।15 जनवरी से मांगलिक कार्य शुरू हो गया ।जानकारों के अनुसार भगवान सूर्य जैसे ही धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है,तो मंगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं । धार्मिक मान्यता के अनुसार मकर की संक्रांति लगते ही खरमास समाप्त हो जाता है । जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते है,उस दिन को मकर संक्रांति कहते है ।मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने का विधान है,इसके साथ ही इस दिन स्नान दान का विशेष महत्व होता है ।जानकारों ने बताया कि नए वर्ष 2025 में 100 से अधिक शुभ विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है । 16 जनवरी से विवाह का पहला शुभ मुहूर्त शुरू है, इस दिन से शहनाइयां बजने लगेगी, इसके लिए लोग पहले से भी बैंक्वेट हॉल व हलवाइयों की बुकिंग करवा चुके है । नए वर्ष की शादियों के सीजन को लेकर कारोबारी भी अच्छे व्यापार को लेकर उत्साहित है ।लोग शादी के सीजन शुरू होने से पहले ही नए ट्रेंड के अनुसार ऑर्डर कर रहे है ।

# केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया सुजाता अकादमी के 31 वें वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



गया।गया के डुंगेश्वरी हिल के पास जॉइन टुगेदर सोसाइटी के द्वारा संचालित की जा रही सुजाता अकादमी में 31वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने फीता काटकर शुभारंभ किया.. सुजाता अकादमी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में वेलकम सॉन्ग से अनेक प्रकार की प्रस्तुति की गई एवं अंत में जॉइंट टुगेदर सोसाइटी के संस्थापक, पोमायूँ सुनिम ने आए हुए सभी दर्शकों को धन्यवाद दिया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि मैं अभी गया का सांसद और केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार में हूं जितना सहयोग हो सकेगा मैं, ज्वाइन टुगेदर सोसाइटी और सुजाता अकादमी को हर संभव मदद करूँगा। केंद्र सरकार के योजनाओं या बिहार सरकार के योजना से जोड़ने का प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि यही, गया के डुंगेश्वरी हिल में 2500 वर्ष पूर्व महात्मा गौतम बुद्ध ने 6 साल बिताए थे जिनके बाद उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और एक मध्यम मार्ग पर चलने की संसार में नई पद्धति लाई है।

मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया शंकर यादव ने बताया कि 31 साल पहले सुजाता अकादमी की नींव रखी गई थी जिसका उद्देश्य दलित - महादलित परिवार के गरीब बच्चों को शिक्षा देना प्राथमिकता है, आज के संदर्भ में इस स्कूल में लगभग 1500 बच्चों को पठन-पाठन की सुविधा दी जा रही है। पूर्व मुखिया शंकर यादव भी इस मिशन से जुड़े हुए हैं और अनेक प्रकार की सहायता देते रहते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुजाता अकादमी के शिक्षक शिक्षिका, जे-टी-एस के प्रेसिडेंट भिक्खु प्रियापाल, सचिव डॉ कुमारी प्रियंका, सांसद प्रतिनिधि रोमीत कुमार, जिलाअध्यक्ष हम नारायण प्रसाद मांझी,ज्योति पासवान जिला परिषद सदस्य, पूर्व मुखिया शंकर यादव, बंजय कुमार, इंद्रजीत कुमार, अजय कुमार, शंभू कुमार, पवन कुमार, डॉ बी के वर्मा, ए के मिश्रा, बोधगया कुमुद रंजन एवं गया क्षेत्र के कई बौद्ध धर्म के स्वालम्बी लोग मौजूद रहें।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा, मौत; गुस्साएं ग्रामीणों ट्रैक्टर को किया आग के हवाले

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : तरारी थाना क्षेत्र के करथ में अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने एक काराकाट थाना क्षेत्र के युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर में आग लगा दी, जिससे ट्रैकर पूरी तरह धू धू कर जल गई। घटना बुधवार सुबह करीब 10 से 11 बजे की बीच की बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की सोनवर्षा पंचायत के केंचुआ गांव निवासी विंध्याचल साह के 20 वर्षीय पुत्र मन्नू साह अपने बहन की घर से लौट रहा था। इस बीच करथ बाजार के समीप एक अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो है। सूचना पाकर तरारी थाना घटना स्थल पर पहुंची लेकिन उग्र ग्रामीणों ने उसे खदेड़ दिया और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जल गई। हालांकि, पुलिस प्रशासन दुबारा घटना स्थल पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को काफी समझाने-बुझाने व उचित मुआवजा दिलाने के आश्वासन दिया जिससे घंटो से सड़क जाम को हटाया गया। लोग अवैध तरीके से बालू लदे ट्रैक्टर को उस रास्ते से आने जाने पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। लोगो का कहना था की भोजपुर से करथ होते हुए अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर इसी रास्ते से काराकाट जाते है और पुलिस प्रशासन उन्हे पकड़ती तक नही है। पुलिस और बालू माफियाओं की मिलीभगत से बालू की अवैध ढुलाई हो रही है। और लोग अपना जान गवा रहे है।बालू लदे ट्रैक्टर करथ से काराकाट रजवाहा से इतना तेज रफ्तार में गुजरते है की आयदिन कोई न कोई इनके चपेट में आकर जान गवाते रहता है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कई घंटो तक बवाल और सड़क पर शव रखकर आगजनी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन ने उग्र ग्रामीणों को समझने बुझाने में कामयाब हुए और घंटो से जाम सड़क को खुलवाया। काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी से घटना की जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा की मामले की जानकारी नहीं है। परिजनों द्वारा अगर किसी प्रकार की आवेदन दिया जाता है तो उसपर आगे की करवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने लावाबार बांध एवं कोठी बियर बांध का निरीक्षण किया

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने आज इमामगंज प्रखंड पहुंचकर जल जीवन हरियाली योजना के तहत आहर पोखर का निरीक्षण किया गया है ।जिनमें मुख्य रूप से लावाबार बांध एवं कोठी बियर बांध का निरीक्षण किया गया है। लावाबार बांध निरीक्षण के दौरान लघु सिंचाई के पदाधिकारी ने बताया कि यह लावाबार बांध बियर मोरहर नदी पर बनी है, मोरहर नदी पूरी तरह पहाड़ के पानी पर आश्रित है ।जिससे इस क्षेत्र के किसान अपने खेत को सिंचित करते हैं, मोरहर नदी की चौड़ाई लगभग 200 मीटर है। इस पर लावाबार बांध का निर्माण 5 किलोमीटर तक किया गया है। लावाबार बांध से 1200 हेक्टेयर का पटवन होगा जिसमें मुख्य रूप से पांच गांव यथा लावाबार, सोबड़ी, रोंडा, लोकनाचक एवं झरहा पथरा गांव के किसान विशेष रूप से अपने खेतों को संचित करेंगे। इसके बाद कोठी बियर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया है।

यह कोठी गांव बीकोपुर पंचायत इमामगंज में मोरहर नदी पर बनी है। नदी की चौड़ाई 200 मीटर है। इसके साथ ही पाइन की लंबाई 10 किलोमीटर है।इस पाइन से 1700 हेक्टेयर का पटवन होता है। इस पाइन से लगभग 11 गांव से ऊपर की खेती सिंचित होती है, जिनमें मुख्य रूप से कोसमाही, देवरिया, बाराकला, निमी, अकाउना, तेतरिया, डुमरी, यमुना, पाती, बतसपुर एवं मनियावा गांव शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बातचीत किया एवं उनकी बातों को समझा और जिला पदाधिकारी ने लोगों को अस्वस्थ कराया की लावावर पाइन एवं कोठी बियर मे बांध का निर्माण हेतु लघु जल संसाधन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के लिए भेजी जा रही है। इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने कहा की कोठी सलैया इमामगंज सड़क की चौड़ीकरण का भी प्रस्ताव विभाग को भेजी जा रही है ताकि लोगों के आवागमन को और सुचारू एवं सुविधा युक्त बनाया जा सके।

# बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 69 वें जन्म दिवस मनाया गया धूमधाम से

प्रातः किरण संवाददाता




आरा । रेलवे पूर्वी गुमटी के पास बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई भोजपुर के कार्यालय में बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयरन लेडी सामाजिक परिवर्तन की महानायिका सुश्री बहन कुमारी मायावती जी का 69 वे जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष- रविंद्र राम एवं मंच संचालन- जे.डी. गोल्ड अमरदीप जिला महासचिव के द्वारा किया गया। जन्म दिवस कार्यक्रम का प्रारंभ इतिहास महापुरुष परम पूज्य संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया, इस कार्यक्रम में निम्नांकित व्यक्तियों का गरिमामय उपस्थित हुई जिनका नाम इस प्रकार है। श्री बलिराम प्रसाद मुख्य जून इंचार्ज बसपा बिहार संजय मंडल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बसपा सह महासचिव बिहार प्रदेश, हुलास राम प्रदेश सचिव जयकुमार विधानसभा महासचिव जगदीशपुर, लक्ष्मण पासवान, सुमित्रा देवी,रीता देवी अर्जुन पासवान संतोष कुमार धर्मेंद्र कुमार संतोष कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष, चंद्रावती देवी लाल बाबू राम लाल बादशाह महतो, प्रेम सागर मुकेश कुमार ओम प्रकाश, इत्यादि वक्ताओं ने बहन जी के महान जीवन संघर्ष एवं किए गए महान कार्य का विस्तार से बताने का काम किया

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। बिहटा नासरीगंज पथ पर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर पुल के पास पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ एक को किया गिरफ्तार। जांच के बाद भेजा जेल। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली की चोरी के बाइक के साथ एक युवक जा रहा है। सूचना के आधार पर जांच पड़ताल कर चोरी के बाइक के साथ भोजपुर जिला के इमादपुर थाना अंतर्गत बिहटा निवासी गुलशन कुमार उर्फ कंचन पिता शर्मा चौधरी को गिरफ्तार कर जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

### अवैध शराब सहित तीन धंधेबाज गिरफ्तार

अकोढ़ी गोला(रोहतास) । रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला थाना की पुलिस ने मंगलवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 60 लीटर महुआ शराब सहित एक धंधेबाज को रंगे हाथ गिरफ्तार किया एवं अन्य दो धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार धंधेबाज छठु कुमार से पुछताछ करने के बाद छापेमारी कर फरार धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया गया ।थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि छठु कुमार पिता धनजी पासवान, ददन पासवान पिता रामप्रवेश पासवान, विकास कुमार पिता जयराम सिंह तीनों ग्राम विशुन बिगहा थाना अकोढ़ी गोला के विरुद्ध बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस हिरासत में बुधवार को जेल भेजा गया।

### जागरूकता रथ को झंडी दिखा किया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास)। सड़क सुरक्षा माह 2025 से 31.01.2025 तक मनाया जाने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में आज दिनांक-15.01.2025 को जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा जागरूकता रथ को झंडी दिखा कर जिला मुख्यालय से सभी अनुमंडल एवं प्रखण्डों के महत्वपूर्ण चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों में परिभ्रमण कर आमजनों में जागरूकरता (जैसे- वाहन परिचालन करते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें एवं मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें इत्यादि) करने के उद्देश्य से रवाना किया गया।साथ ही समाहरणालय स्थित सभी कार्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण का आयोजन भी किया गया है।

# भुगतान के पूर्व योजनाओं का भौतिक सत्यापन जरूर करें :डीएम

## लंबित योजनाओं को तुरंत पूरा करते हुए अभिलेख को विधिवत करें क्लोज



प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया।जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा बुधवार को समाहरणालय सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, जल-जीवन-हरियाली सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी।

मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी पीओ को निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। लंबित योजनाओं को तुरंत पूरा करते हुए अभिलेख को विधिवत क्लोज करें। उन्होंने निर्देश दिया कि अभिलेख संधारण अच्छे तरीके से करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि भुगतान के पूर्व योजनाओं का भौतिक सत्यापन जरूर करें। कार्य गुणवतापूर्ण होने के उपरांत ही भुगतान करें। उन्होंने निर्देश दिया कि मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से करें। मनरेगा की योजनाओं की प्रखंड विकास पदाधिकारियों से सूक्ष्मता से जांच करायी जायेगी। तकनीकी समस्या होने पर संबंधित वरीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराना सुनिश्चि करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि 31 मार्च तक योग्य लाभुकों के सर्वे का कार्य पूर्ण कराना है। प्रयास यह है कि निर्धारित तिथि के पूर्व ही सर्वे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि एक भी पात्र व्यक्ति छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सर्वे के कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं पाए। सर्वे कार्य करने वाले कर्मियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आवास योजना के तहत प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त एवं तृतीय किस्त की राशि का भुगतान समय पर कराना सुनिश्चित करें।

# आरा सदर अस्पताल के कैंपस में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मनाया मकर संक्रांति

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। आरा सदर अस्पताल के कैंपस में जिला चिकित्सा कार्यालय संघ भवन में मकर संक्रांति का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी डॉक्टर एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे कार्यक्रम से पहले सभी को बुके से एवं अंग पत्र से किया गया सम्मानित इस कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा एवं सदर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया इस मकर संक्रांति के अवसर पर लिट्टी चोखा का आयोजन किया गया था मकर संक्रांति व नव वर्ष उत्सव मनाया गया ।इस कार्यक्रम का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा ने किया। प्रार्थी राम प्रसाद ,रविंद्र सिंह व एसीएमओ ऑफिस के सभी कर्मचारी थे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुवेश सिंह, सचिव विनोद यादव, पंकज कुमार , संजीव सिंह तथा सभी कर्मचारी संघ सदस्य। डॉ के एन सिन्हा ने इस भवन में योगदान देने वाले एवं आगे भी सहयोग करने वाले सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी के लिए यह आयोजन किया, ताकि सबका लगाव एवं संबंध इस भवन से बना रहे । जो नया भवन निर्मित हुआ है, इसके उन्मुखीकरण, सौंदर्यीकरण करने में सभी सहयोग और अपना अपना विचार रखा इस कर्मचारी ,पदाधिकारी भवन में कई कमरे हैं एवं एक बड़ा सा मीटिंग हाल है ,यहां जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों कर्मचारियों की बैठक एवं कार्यकलाप होती रहती है ।इसे और विकसित व उपयोगी बनाना है ,इसी के मद्देनजर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सिन्हा के द्वारा यह आयोजन किया गया ।मंच संचालन रमेश कुमार बर्मन व सचिव विनोद यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा को संबोधित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में डिप्टी सुपरिटेंडेंट सदर अस्पताल आरा डॉक्टर अरुण कुमार डॉक्टर ए अहमद तथा कुष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दयानंद के साथ कर्मचारी संघ के काफी सदस्य उपस्थित थे। संगीत का भी कार्यक्रम हुआ तथा डॉ सिन्हा के साथ कई लोगों ने संघ भवन के छत पर पतंग बाजी भी की।

आयोजन को सफल बनाने में डॉ मदन मोहन द्विवेदी डॉ प्रतीक सुशील कुमार नगीना जी राजीव कुमार सत्य प्रकाश सुनील कुमार पंकज कुमार संजीव सिंह रामजी बाबू रविंद्र सिंह आलोक जी तारकेश्वर सिंह अनिल जी भीम सिंह संतोष जी अमित पटेल सत्य प्रकाश मनोज जी तथा नागेंद्र चौधरी शामिल थे।

# संविधान गौरव अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) ।जिलाध्यक्ष भाजपा रोहतास संतोष पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रम संविधान गौरव अभियान जो आज दिनांक 15 जनवरी से 25 जनवरी तक जिला ईकाई से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक मनाया जाना है को लेकर जिला कार्यालय में बैठक हुई ।बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं.दीनदयाल उपाध्याय के छवि पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने सभी पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल द्वारा निर्देशित हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान पर विद्यालय, महाविद्यालय,सभी मंडल केन्द्रों,अनुसूचित जाति छात्रावासों आदि विभिन्न प्रमुख स्थलों,सोशल मीडिया आदि पटलों पर आयोजन कर प्रमुख वक्ताओं, माननीय विधायकगण, मंत्रीगण जैसे वक्ता भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब अम्बेडकर जी के योगदान, उनके व्यक्तित्व और संविधान की प्रस्तावना तथा संविधान के प्रमुख विंदुओं ,निर्देशक तत्व पर प्रकाश डालेंगे ।जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा की हमारी पार्टी का युवा विंग तथा अनुसूचित मोर्चा विंग अपने मंडल स्तरीय टीम को इस कार्यक्रम के लिए तैयार कर लें ।इस बैठक में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी,जिला महामंत्री विजय सिंह, अशोक साहू जिला उपाध्यक्ष मंगलानंद पाठक,पंकज सिंह, विवेक सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रमोद कुशवाहा, पूर्व जिला महामंत्री शशि भूषण प्रसाद,प्रिंस राज, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी,रामायण पासवान, रेशमा पटेल,सुनीता गुप्ता, नवीनचंद्र साह, अभिषेक तिवारी, सत्यनारायण पासवान, दीनानाथ राय,सरताज हुसैन , ज्योति कुशवाहा,अरुण चौबे, इंद्रजीत सिंह, राजीव रंजन सिंह,रवि सिंह,बेचू महतो आदि थे।

# कोलकाता के संगीतज्ञ परिवार ने किया भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच का अवलोकन

■ परिसर में स्थापित भिखारी ठाकुर,बाबू ललन जी और बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच में स्थापित लोक कलाकार भिखारी ठाकुर,एशिया के चर्चित मृदंगवादक शत्रुंजय प्रसाद सिंह उर्फ बाबू ललन जी और भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमा पर कलकत्ता से आए संगीतज्ञ परिवार ने शत्रुंजय संगीत विद्यालय की केंद्राधीक्षक नीरजा सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण किया।

मंच का निरीक्षण करते हुए आगंतुकों ने कला ,संस्कृति एवं भोजपुरी पर हो रहे कार्यों की जानकारी भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह से ली ।कोलकाता से आए संगीतज्ञ परिवार की टीम में मर्चेंट नेवी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार सिन्हा,होटल हिंदुस्तान कोलकाता के अभय कुमार व उनके साथ नर्मता देवी थी ।इस दौरान संगीतज्ञ परिवार से आए आगंतुकों को मृदंगवादक बाबू ललन जी की पुत्र वधु लीला सिंह और पौत्र पुष्पेंद सिंह ने बाबू ललन जी के संगीत जीवन की कई बातें बताई जो अब तक अदृश्य रही थीं

# मेदांता के सहयोग से आम लोगों के लिये फ़्री स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




लिटेरा पब्लिक स्कूल मौजीपुर ब्रांच ने आज जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेसियलिटी अस्पताल पटना और मेदांता फाउंडेशन पुअर एंड नीडी पेशेंट वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से स्कूल परिसर में मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया ।

इस शिविर के उद्घाटन अवसर अस्पताल के चेयरमैन डा रवि, मुख्य अतिथि के रूप में डा रंजन बिहार की ख्याति लब्ध महिला साहित्यकार और समाजसेवी ममता मेहरोत्रा और लिटेरा पब्लिक ग्रुप आफ स्कूल के डाइरेक्टर आशुतोष मेहरोत्रा उपस्थित थे ।

मौके पर डा रवि ने कहा कि मेंदाँता अस्पताल इस तरह का जनसहयोगी कार्यक्रम के आयोजन में अपनी सहभागिता देकर गौरवान्वित महसूस करता है। हम पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आगे भी जनसहयोग के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाते रहेंगे । उन्होंने कहा कि मेदांता किडनी ,हर्ट, कैंसर और न्यूरो से सम्बंधित बीमारियों के लिए अधिक से अधिक सपोर्ट तो करता ही है साथ ही कम कीमतों या सम्भव हुआ तो फ़्री सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

मुख्य अतिथि के तौर पर डा रंजन ने कहा कि लिटेरा पब्लिक स्कूल राज्य का एकलौता शिक्षण संस्थान है, जो जनस्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाता रहता है और ऐसे जनसहयोगी कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है।इसके लिए हमसब की ओर साधुवाद। उन्होंने कहा कि आज जितने भी रजिस्ट्रेशन इस शिविर में हुए हैं , उन सबका इलाज भविष्य में पटना मेदाँता में सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि और सुविधाओं के साथ होगी । उन्होंने कहा कि आजका रजिस्ट्रेशन ऐप के माध्यम से हुआ है जो मेदांता के पटना ब्रांच से जुड़े हैं ।

मौके पर उपस्थित ममता मेहरोत्रा ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए जन सहयोग की भावना हम सब में होनी चाहिए ।ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रम हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए।

ग्रुप आफ स्कूल के दाइरेक्टर आशुतोष मेहरोत्रा ने कहा कि हमारे स्कूल में एकेडमीक एक्टिविटी के साथ साथ एक्सट्रा एक्टिविटी भी समय समय पर होते रहाता है । अध्यापन हमारा मुख्य काम है लेकिन ऐसे आयोजनों का प्रभाव भी बच्चों के मस्तिष्क पर सकारात्मक असर डालता है। बच्चों में समाजिकता का भी सही ढंग से विकाश होता है ।

इस शिविर में बच्चों के अभिभावक सहित आस पास के लगभग 200 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई । इस शिविर में वजन, बीपी , रैंडम शुगर, एसपीओ 2 और ईसीजी की मुफ़्त जाँच की गई। इसके अलावे अन्य चिकित्सकिय परामर्श भी फ़्री दिए गए ।

# राहुल गांधी का आगमन की तैयारी को लेकर प्रेस-वार्ता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष के अशोक राम जी के नेतृत्व में स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन, आरा में 18 जनवरी 2025 को पटना,बिहार की धरती पर जननायक, हरदिल अजीज, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आगमन की तैयारी को लेकर बतौर पर्यवेक्षक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, बक्सर सदर विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में एक प्रेस-वार्ता का आयोजन किया गया ।बतौर पर्यवेक्षक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी युद्धस्तर पर अपने नेता के स्वागत की तैयारी में दिनरात लगा हुआ हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश नेतृत्व को भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी से बहुत सारी उम्मीदें हैं। उन्होंने उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और पत्रकारों को विश्वास दिलाया कि आगामी विधान सभा चुनाव में जिले से कम से कम दो सीट मिले इसके लिए जो संभव हो सकेगा किया जायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम ने पर्यवेक्षक को आश्वस्त किया कि राहुल गांधी जी के स्वागत में जिले से हजारों कार्यकर्ता उस दिन पटना के लिए कुच करेंगे। उन्होंने पर्यवेक्षक से यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में गणेश परिक्रमा करने वालों का टिकट भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी स्वीकार नहीं करेंगी। टिकट का वितरण हर हाल में पार्टी के संविधान में वर्णित प्रक्रियाओं के तहत ही किया जाय।

# हेलमेट पुलिस वाले से बचने के लिए नहीं, बल्कि घरवालों से दोबारा मिलने के लिए पहनिये : निकिता

■ हेलमेट धारण करने एवं सीट बेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर किया प्रोत्साहित

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। परिवहन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी 2025 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक) के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती निकिता के नेतृत्व में मोटरयान निरीक्षक राहुल राज एवं प्रवर्त्तन अवर निरीक्षक सुश्री नैनसी सिन्हा, ज्ञान भारती, शिल्पी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी के द्वारा जिले के नारियल विकास बोर्ड के समीप विशेष वाहन जॉंच अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के तहत हेलमेट धारण करने वाले दोपहिया वाहन चालकों एवं सीट बेल्ट लगाने वाले चार पहिया वाहन चालकों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया।

साथ ही रोको टोको पहल के तहत हेलमेट एवं सीट बेल्ट नहीं धारण करने वाले को रोककर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए इसका अनुपालन करने की अपील की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह का आयोजन सभी को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हेलमेट पुलिस वाले से बचने के लिए नहीं, बल्कि घरवालों से दोबारा मिलने के लिए पहनिये।

उन्होंने बताया कि ड्राईविंग के समय आपकी सुरक्षा आपके हाथो में इसका ध्यान रखे। सड़क पर पैदल चलने वाले को बायें चलना चाहिए, बाईक को सड़क पर घुमाते समय गति धीमी रखनी चाहिए, अनावश्यक बाईक का हार्न न बजायें, हेलमेट बोझ नहीं आपकी सुरक्षा के लिए है। साथ हीं बताया कि मोबाईल पर यदि बात करना हो तो वाहन को साइड में रोक दें, हमेशा अपने वाहन को धीमा चलायें, अपने जीवन को बचायें। सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पहले तो खुद सभी को सड़क नियमों का पालन करना चाहिए जैसे की गति सीमा से नीचे वाहन चलाना, ड्राईविंग के समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल ना करना, बाईक चालकों को हेलमेट पहनना। यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने जिलावासियों से अपील किया कि हमारी प्रतिबद्धता-सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। आईये, हमसब मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए बहुमूल्य जीवन को बचायें।

# मधेपुरा नगर परिषद के ईओ पर लगे कई गंभीर आरोप 16 वार्ड पार्षदों ने डीएम से की जांच की मांग

प्रातः किरण संवाददाता




मधेपुरा । मधेपुरा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं धाँधली के आरोप-प्रत्यारोप की गहमागहमी के बीच 16 वार्ड पार्षदों का हस्ताक्षरित ज्ञापन के साथ पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी तरणजोत सिंह को ज्ञापन सौंप अपने स्तर से जाँच कमिटी का गठन कर नगर परिषद मधेपुरा में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

वार्ड पार्षदों का आरोप है कि मधेपुरा नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री तान्या कुमारी जनहित के कार्य को न करके नियम परिनियम को ताक पर रखकर नगर परिषद के सामान्य बोर्ड, सशक्त स्थाई समिति एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बिना ही गुणवत्तावीहिन और स्टीमेट से कम सैकड़ों विभागीय (खुद से) बिना निविदा के कार्य करके करोड़ों रुपए की निकासी अवैध तरीके से की गई, जो जाँच का विषय है। जिला पदाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया है कि मधेपुरा नगर परिषद में कुल 16 प्याऊ में एक करोड़ चौवालीस लाख, अस्सी हजार रुपए की निकासी अवैध तरीके से की गई। जिसकी स्वीकृति न तो नगर परिषद के सामान्य बोर्ड एवं सशक्त स्थाई समीति से ली गई है। नगर परिषद मधेपुरा अंतर्गत लगभग एक वर्ष पूर्व ही एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए का सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किया गया था। इसके बावजूद बिना निविदा, बिना नगर परिषद के सामान्य बोर्ड एवं सशक्त स्थाई समीति के सहमति से कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा विभागीय रूप से मरम्मती के नाम पर तीस लाख रुपए की अवैध निकासी की गई है। नगर परिषद मधेपुरा में जिस शौचालय का निमार्ण लगभग एक वर्ष पूर्व ही 4 से 5 लाख रुपए में की गई, उसी शौचालय को बिना निविदा के विभागीय रूप से 7 से 12 लाख रुपए में सिर्फ जिर्णोद्धार के नाम पर करोड़ों रुपए की अवैध निकासी की गई है। वही चिल्ड्रेन पार्क अवस्थित शौचालय का जिर्णोद्धार के नाम पर सात लाख उनचास लाख रुपये की अवैध निकासी की गयी है। इसके अलावे प्रधानमंत्री आवास योजना में धाँधली के साथ साथ नगर परिषद में कार्यरत सहायक दीपक कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। वार्ड पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद मधेपुरा के जनता के साथ हो रहे गुणवत्तविहीन कार्य एवं सरकारी राशि का बंदरबाँट हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर हम नगर परिषद के मुख्य द्वार पर आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होंगे।

# अब गांवों में भी गूंजने लगा है गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल

## रायभीर में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए पहुंचने लगी ठेला गाड़ी, ग्रामीणों में उत्साह



प्रातः किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) । अब शहर की तर्ज पर गांव में भी ह्यगाड़ी वाला आया.. घर से कचरा निकालह्ल की आवाज आने लगी है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शंकरपुर प्रखंड के रायभीर ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व निस्तारण की व्यवस्था की गई। इसके लिए शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रायभीर पंचायत के 17 वार्डो में सफाई कर्मियों को भर्ती किया गया है। वहीं बेरोजगार लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए कूड़ा एकत्रित करने का काम उन्हें दिया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचड़ा उठाने की पहल शुरू हो गई है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शहर की तरह गांवों में भी साफ-सफाई की नियोजित व्यवस्था हो रही है। ठोस अपशिष्ट के साथ प्लास्टिक प्रबंधन भी होगा। रायभीर पंचायत के वार्ड नंबर 9 स्थित पंचायत भवन से पंचायत के मुखिया सुष्मिता चौपाल एवं अन्य अधिकारियों ने विगत दिनों हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया था। बता दें कि गांव में हर एक घरों से सूखा एवं गिला कचरा को ठेला गाड़ी के जरिए एकत्रित कर लोहिया स्वच्छता भवन लाया जाएगा। जहां पंचायत स्तर से भर्ती कर्मी सूखा एवं गीला कचरा को अलग अलग जगह पर रखेंगे। वहीं प्लास्टिक का कचरा अलग कर उसे रिसाइकिल करने के लिए बेचा जाएगा। पंचायतों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जैविक खाद बनेगी, जिसे किसानों को खेती में प्रयोग करने के लिए दिया जाएगा।

# सात दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला का विधायक चंद्रहास चौपाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



शंकरपुर (मधेपुरा) । कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र के रानीपट्टी सुखासन पंचायत के महादेव स्थान पर आयोजित सात दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन सिंघेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल, राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी (मधेपुरा) प्रोफेसर रंधीर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए विधायक चंद्रहास चौपाल ने कहा कि कुश्ती इस देश की प्राचीन परंपरा व पसंदीदा खेल है जो मानव शरीर का विकास करता है। उन्होंने कहा कि इससे अनुशासन व सदभाव भी कायम होता है। और उन्होंने कहा अनुशासन ही देश को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा स्त्रोत है। खेल में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाकर न सिर्फ अपना बल्कि परिवार तथा गांव का भी नाम रौशन करता है। और कुस्ती से लोग स्वस्थ भी रहते हैं। बताते चलें कि बुधवार की दिन रानीपट्टी सुखासन पंचायत के महादेव स्थान नदी घाट पर सात दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला का कोशी जन्मोत्सव के साथ शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रहास चौपाल ने कहा कि यह मेला रानीपट्टी सुखासन पंचायत के महादेव स्थान नदी घाट पर लगभग कई वर्षों से आयोजित किया जाता आ रहा है। मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष मंजय यादव ने बताया कि माँ कोशी की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना के साथ मेला का प्रारंभ किया गया था। उन्होंने और कहा कि यह मेला रोता, बेलारी, जमुआ, हरिबल्ला, परिहारी, रायभीर सहित कई गांवों के लिए जुड़ा हुआ है। यह पूसी पूर्णिमा मेला में हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्ति भाव से पूजा के लिए पहुंचते हैं। महादेव स्थान नदी घाट पर आयोजित सात दिवसीय पूसी पूर्णिमा मेला खासकर लकड़ी से निर्मित फर्नीचर की सामग्री के लिए प्रचलित है। जहां दूर दराज से लोग आकर फर्नीचर की खरीदारी करते हैं। यह मेला एक एक महीना तक चलता रहता है। मेला का शोभा बढ़ाने के लिए कई तरह का झूला एवं सर्कस के अलावे दंगल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर दूर दराज के लोग पहुंचते हैं। बदलते समय के अनुसार महादेव स्थान नदी घाट पर एक शिव मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से क्या जा रहा है। मौके पर उपस्थित मेला रानीपट्टी सुखासन पंचायत के मुखिया अनिल ऋषिदेव कमेटी सदस्य संजीव कुमार शिक्षक, सुभाष चौधरी, अरुण कुमार, फौजी अच्छेलाल मेहता, महात्मा, संजय यादव, उपेंद्र यादव, जीतेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 18 जनवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पटना आगमन को ले हुई बैठक




मधेपुरा।18 जनवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पटना आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रभारी पूर्व विधायक प्रमोद सिंह ने कहा राहुल गांधी के पटना आगमन को लेकर बिहार के कांग्रेस जनों में काफी उत्साह है उनके आने से बिहार में कांग्रेस काफी मजबूत होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह यादव ने कहा इस जिले से हजारों कांग्रेस जन पटना चलकर राहुल गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करेंगे। बिहार की जनता राहुल गांधी जी में अपना भविष्य देख रहे हैं। राहुल गांधी जी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह के द्वारा जो इंदिरा कर्मचारी आवास का निर्माण कराया गया है उसका भी राहुल गांधी जी उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अरुण कुमार, अरविंद कुमार, सुमित श्रीवास्तव, शत्रुघन भक्त, प्रमोद पप्पू, भूषण मंडल, कामेश्वर यादव, धीरेंद्र यादव, कामेश्वर सिंह, ललन कुमार मंडल, संजय मेहता सहित कई कांग्रेस जन इस दौरान मौजूद थे।

# नववर्ष मिलन समारोह में हुआ दिग्गजों का महाजुटान

आरा। भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आरके सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के नेतृत्व में कोइलवर प्रखंड के बहियारा गांव स्थित आवास पर मकर संक्रांति सह नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन हुआ. यह कार्यक्रम शाहाबाद जनपद, बिहार और देश के लिए कई मायनो में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहा. इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल,पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद राम कृपाल यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भाजपा के संगठन मंत्री बिहार झारखण्ड नागेंद्र पाण्डेय,हरेंद्र कुमार,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक रामनवमी जी, राजेश सिंह,बक्सर के विधायक मुन्ना तिवारी,डुमराव महाराज चंद्र विजय सिंह, शिवांग विजय सिंह समेत देश और प्रदेश के दिग्गज राजनेता शामिल हुए. इसके साथ ही शाहाबाद जनपद के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, नगर निगम,नगर परिषद, नगर पंचायत के मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ का संदेश देकर उड़ाई पतंगें

■ चित्रकला और मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई। मकर संक्रांति महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए महिला एवं बाल विकास निगम और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने श्रीकृष्ण स्टेडियम के मैदान पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा चित्रकला, मेंहदी के साथ पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। पतंगबाजी में आदित्य राज, रितेश राज और अमित कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया वहीं चित्रकला में सूरज कुमार, साक्षी कुमारी और आल्या चंद्रा ने परचम लहराया। मेंहदी प्रतियोगिता में रिमझिम, नूरजहां और प्रिया कुमारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। इसके अलावे कई प्रतियोगियों को बेहतर प्रस्तुति के लिए सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेटियों की प्रतिभा को तराशने के लिए कस्तूरबा बालिका विद्यालय खैरा, जमुई, सोनो और चकाई के वार्डन को भी सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने स्वयं स्टॉल भ्रमण कर प्रतियोगिता का जायजा लिया और प्रतियोगियों की प्रतिभा पर मुहर लगाई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम में नन्हीं परी अनायशा ने अपनी प्रतिभा का ऐसा जलवा बिखेरा कि सभी उपस्थित जन मंत्रमुग्ध रह गए। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसकी प्रतिभा को सैल्यूट किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह उत्सवी माहौल में संपन्न हो गया। राज्य उद्घोषक डॉ. निरंजन कुमार ने समारोह का साहित्यिक अंदाज में मंच संचालन किया एवं प्रशंसा के पात्र बने। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने अग्नि ज्योति जलाकर और गुब्बारा उड़ाकर समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि मातृ शक्ति महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का आरंभ कर महिलाओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया। हमें भी बेटियों को जीवन में सफलता और सम्मान के साथ जीने का हक देना चाहिए। भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगाना इस मुहिम का लक्ष्य है। श्रीमती शर्मा ने विकसित भारत के निर्माण के लिए इसे आवश्यक ही नहीं वरन अनिवार्य करार दिया। उन्होंने कहा कि एक बेटी के पढ़ने से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है। उन्होंने आधी आबादी को हर मोड़ पर सम्मान दिए जाने की बात कही। जिला पदाधिकारी ने समारोह आयोजन के लिए आयोजकों की तारीफ की और उन्हें साधुवाद दिया।

जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी, नजारत उप समाहर्ता अमु आमला, डीसीएलआर मो. तारिक रजा, डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता शशांक बरनवाल, डीपीओ आईसीडीएस रश्मि रंजन, सीडीपीओ ज्योति, आभा, प्रेरणा, बिंदु, केंद्र प्रशासक शालू सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# आज से व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे बिहार में हड़ताल

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के अध्यक्ष सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में कर्मचारियों की एक आम बैठक न्यायालय परिसर में न्यायालय अवधि के पश्चात हुई जिसका संचालन संघ के सचिव बसावन राम ने किया। जिसमें बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी के आह्वान पर बिहार भर के अदालतों के कर्मचारी अपने बेहतर वेतनमान,पदोन्नति,शत प्रतिशत अनुकम्पा पर बहाली और विशेष न्यायिक कैडर के माँग पूरा नहीं होने के विरोध मे 16-01-2025 से हहड़ताल पर जाने हेतु निर्णय को सफल बनाने के लिए रणनीतियां अंतिम रूप से तैयार कर ली गयी एवं उसका समीक्षा भी कर लिया गया। बैठक में शामिल मिडिया प्रभारी-सह-प्रवक्ता अजय शंकर ने बताया की दिनांक 16-01-2025 से होने वाले कलमबंद हड़ताल के लिए जो एस. ओ. पी. राज्य संघ के द्वारा तय की गयी है उसके अनुरूप भोजपुर संघ पूरी तरह से तैयार है एवम हम लोगों के द्वारा एस. ओ. पी के अनुसार सभी न्यायालय/ कार्यालय/पीठासीन पदाधिकारी के कक्ष का चाभी कोर्ट मेनेजर को आज के न्यायालय अवधि के पश्चात सुपुर्द कर चुके हैं ताकि पीठासीन पदाधिकारी महोदयों को असुविधा न हो। हम समस्त कर्मचारी इस बार अनिश्चित काल तक हड़ताल में शामिल रहने को तैयार है जब तक की चार सूत्री मांगो को बिहार सरकार पूर्ण रूपेण मान नहीं लेती है। सुभाष सिँह ने बताया की हम न्यायिक कर्मचारियों के प्रति सरकार के इस सौतेला रवैया के प्रति हरेक कर्मचारियों मे आक्रोश है और हम लोग करीब 20 दिनों पहले ही सरकार को सूचना दे चुके हैं लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया इससे लगता है कि सरकार हठधर्मी है। जिला मंत्री बसावन राम ने कहाँ की शोषित जनता प्रताड़ित जनता और मजबूर जनता न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाती है अब हम कहां जाएं और किन का दरवाजा खटखटाए। हम कर्मचारी गण विवस होकर मजबूरी में हड़ताल पर जा रहें हैं। अंत में जिला अध्यक्ष ने विद्वान अधिवक्ता गणों एवम आम जनता(पक्षकार) से धैर्य पूर्वक सहयोग करने की याचना किया एवम उन्होंने विद्वान अधिवक्ता गणों तथा पक्षकार गणों से हड़ताल के कारण उतपन्न असुविधाओं के लिए आज फिर से माफी माँगा। बैठक में सूर्यदेव, अनिल,राजीव रंजन, श्वेता, ज्योति, प्रीति, श्रुति रिंकू,संदीप,अविनाश, दिपक गौतम, सुमन,दरोगा आदि थे।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय
क्षेत्र यन्त्र प्रमंडल, दीघा, पटना।

अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2024–2025
पत्रांक –48 /पटना,

1. विज्ञापन दाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता (यॉं0),क्षेत्र यन्त्र प्रमंडल,दीघा, पटना।
2. निविदा संलेख की बिक्री की तिथि : 22.01.2025 से 24.01.2025
3. तकनीकी एंव वित्तीय निविदा संलेख प्राप्ति की तिथि एंव समय : 25.01.2025को 3:00 बजे अपराहन तक।
4. तकनीकी निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : 25.01.2025 को 3:30 बजे अपराहन में।
5. वित्तीय निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : तकनीकी निविदा की स्वीकृति के पश्चात् सूचित किया जायेगा।
6. निविदा संलेख बिक्री का स्थान : 1. मुख्य अभियंता,(यॉं0), जल संसाधन विभाग बिहार, पटना का कार्यालय। 2. अधी० अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक अचंल, मीठापुर, पटना का कार्यालय। 3. कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), क्षेत्र यन्त्र प्रमंडल, दीघा, पटना का कार्यालय।
7. निविदा संलेख प्राप्ति एंव खोलने का स्थान : क्रमांक 6 के वर्णित कार्यालय में।
8. वित्तीय निविदा संलेख खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), क्षेत्र यन्त्र प्रमंडल, दीघा, पटना का कार्यालय।

| ग्रुप | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि लाख में | निविदा संलेख का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Fabrication and erection of Railing on both sides of bank at 77.30 km of Mahabalipur lock gate of PMC. | 13.19 | 2,500.00 | 26,400.00 | 15Days |
| 02 | Fabrication, supplying, fitting and fixing of M.S gate size 7'0"x4'6" of Khajuri-1 H/R with hoisting arrangement at 108.80(R) km of PMC | 3.13 | 750.00 | 6,300.00 | 10Days |
| 03 | Renovation, fabrication, supplying, fitting, fixing, installation, transportation, erection and commissioning of 02 nos. U/S gate along with hoist platform with railing, railing post, fabrication of falling shutter, fabrication of tie rod and painting of H/R gate left and right etec. At Sirnama irrigation scheme, Dist. Nalanda | 13.80 | 2,500.00 | 27,600.00 | 15Days |
| 04 | Fabrication, supplying, fitting, fixing, installation, transportation, erection and commissioning of 06 nos. falling shutter along with 150 nos. tie rod at Panchane irrigation scheme on panchane river Dist. Nalanda | 3.15 | 750.00 | 6,300.00 | 10Days |
| 05 | Fabrication, supplying, fitting, fixing, installation, transportation, erection, commissioning and changing of falling shutter along with tie rod and painting at Bara Chhilka weir, Sansi weir, Bele weir and Maifarida weir irrigation scheme Dist. Nalanda | 2.57 | 750.00 | 5,200.00 | 10Days |

नोट :–निविदा के नियमों शर्तो एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय सुचना बोर्ड तथा परिमाण विपत्र के बिकी के स्थानों पर सम्पर्क किया जा सकता है। पूर्ण निविदा को वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar एवं wrd.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 विद्याशंकर वर्मा)
कार्यपालक अभियंता (यॉं0)
क्षेत्र यन्त्र प्रमंडल,दीघा, पटना।

PR- 17155 ( W R D ) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–3,
भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–56 वर्ष 2024–25

बिहार विधान सभा, पटना में अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों कें 85वें सम्मेलन समारोह के अवसर पर दो दिनों तक अस्थाई विद्युतीकरण कार्य हेतु निर्माता/आपूतिकर्ता/ अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव (वैसे संवेदक जो समान कार्य के समारोह में पंडाल/स्टेज का अस्थाई विद्युतीकरण कार्य कराने का अनुभव है, उसे कार्य में प्राथमिकता दी जायेगी) रखने वाले संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–18.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशन दाताओ या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाता स्थल निरीक्षण के पश्चात ही कोटेशन समर्पित करेगे।

उक्त कार्य के वारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाऍं किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क कर लिया जा सकता है।

| क्रमांक संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | बिहार विधान मंडल कैंपस में विभिन्न पंडालों आदि पर सर्म्पूण अस्थाई विद्युतीकरण कार्य । |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 17240 ( B C D ) 2024-25
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, भवन निर्माण विभाग, पटना
अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 25/ 01/2025 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक 27/01/2025 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समयः– दिनांक 27/01/2025 को 3:30 बजे अपराह्न से ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर,पटना। (3) संबंधित सहायक अभियंता, अवर प्रमंडल सं0–1/2/ दानापुर, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः– क्रमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | S/F/F of Workstation at A-Block, Second Floor of Main Building and Partition work at Dormitory Block in Home Department at Sardar Patel Bhawan, Nehru Path Patna | 14,39.900.00 | 28,800.00 | 2,500.00 | 20 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर, पटना
PR- 017133 (BCD) 2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## स्मृति मंधाना वनडे में सबसे तेज शतक बनाने वाली भारतीय महिला बनी

● हरमनप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ा



**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान स्मृति मंधाना बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 70 गेंद पर शतक पूरा करके खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज सैकड़ा जड़ने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व कर रही इस सलामी बल्लेबाज ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच थमाने से पहले 80 गेंद पर 135 रन बनाए जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल हैं। मंधाना ने सबसे तेज शतक लगाने का हरमनप्रीत का पिछला भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा। हरमनप्रीत ने पिछले साल बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में शतक बनाया था।

मंधाना का शतक इस प्रारूप में संयुक्त सातवां सबसे तेज शतक है। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर चार्लोट एडवर्ड्स की बराबरी की जिन्होंने 2012 में 70 गेंद पर शतक बनाया था। यही नहीं मंधाना का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 10वां शतक है और इस तरह से वह महिला वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग (15) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (13) शीर्ष पर हैं।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली के रणजी ट्रॉफी मैच के लिए उपलब्धता की पुष्टि की, सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ अगले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। पंत ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2017-2018 सीजन के दौरान खेला था। अब वह राजकोट में सीधे टीम से जुड़ सकते हैं, जहां 23 जनवरी से मैच होने वाला है।

डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने बताया, ऋषभ पंत ने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जहां भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा खत्म हुआ और 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। दिल्ली फिलहाल ग्रुप डी में पांच मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। दिलचस्प बात यह है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने आखिरी बार 2012 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेला था, ने शेष दो रणजी ट्रॉफी खेलों के लिए 38 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है।

# ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली रहा...

## अश्विन ने बीजीटी के दौरान इस खिलाड़ी को खेल बदलने वाला बताया

**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का प्रवेश ऑस्ट्रेलियाई टीम के पक्ष में खेल बदलने वाला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम उनके बिना हार जाती, क्योंकि भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उनकी राउंड-द-विकेट गेंदें 'प्रमुख कारक' साबित हुईं।

बोलैंड पूरी सीरीज में असाधारण रहे। उन्होंने अपनी मुश्किल-से-संभालने वाली, अथक लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उनका मुख्य आकर्षण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का चार बार विकेट लेना था। वे इस सीरीज के दौरान भारतीय टीम की आंखों में सबसे बड़ा कांटा बनकर उभरे। उन्होंने तीन मैचों में 13.19 की औसत से 21 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा।



उन्होंने पांचवें टेस्ट में 10 विकेट लिए। वह सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने शानदार सीरीज खेली, लेकिन उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली था कि स्कॉट बोलैंड टीम में आए। अगर बोलैंड नहीं खेलते, तो भारत सीरीज जीत जाता। जोश हेजलवुड को कोई बुरा नहीं मानना ??चाहिए; वह एक शानदार गेंदबाज हैं। लेकिन अगर वे उसी आक्रमण के साथ जारी रहते, तो हम जीत जाते। हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बोलैंड की राउंड-द-विकेट डिलीवरी एक प्रमुख कारक थी।

अश्विन ने यह भी कहा कि क्रिकेट के दृष्टिकोण से यह सीरीज क्लास और बेहतरीन थी। अश्विन ने कहा, सिडनी में आखिरी सत्र तक सीरीज दांव पर थी। यह कितनी शानदार सीरीज थी। विशुद्ध क्रिकेट के रूप में, यह एक बेहतरीन सीरीज थी, बेहतरीन। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी दिन तक कड़ी टक्कर के बाद सीरीज जीती। उस्मान ख्वाजा ने सीरीज के बाद कहा, %मुझे बुमराह ने आउट किया (जिन्होंने 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने) इससे पता चलता है कि सीरीज कितनी जोरदार थी।

बोलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की बहुचर्चित तिकड़ी की मौजूदगी के कारण उन्होंने बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 17.66 की औसत और 6/7 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 56 विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 वनडे और तीन टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने इन प्रारूपों में कुल मिलाकर 19 विकेट लिए हैं। बोलैंड ने 2016 में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बोलैंड का टेस्ट औसत टेस्ट इतिहास में आठवां सर्वश्रेष्ठ है और इस प्रारूप में कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में पहले विश्व कप (1914-18) के बाद से सर्वश्रेष्ठ है।

## मनु भाकर भी परेशान, ओलंपिक पदकों का रंग उतरा, बदलने की शिकायत करवाई दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नए पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। यह पता चला है कि भाकर के पदकों का रंग 'उतर' गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा।



खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। 'मोनैई डे पेरिस' फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए 'मोनैई डे पेरिस' के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिये गये पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5,084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट (एलवीएमएच समूह का हिस्सा) द्वारा डिजाइन किए गए थे और 'मोनाई डे पेरिस' ने इनका निर्माण किया था।


## भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड बोले

# विराट कोहली का समय चला गया

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया।

लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा।

लॉयड ने कहा, विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे



कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं। कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है।

इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया। लॉयड ने कहा, जब आप महान क्रिकेटरों के बारे में बात करते हैं, तो एक चीज जो बाकी लोगों के पास नहीं है, वह है समय। उसने समय खो दिया है। यह चला गया है। उसका समय चला गया है। यह उम्र के साथ आता है। हर कोई आपको बताता है कि आपको क्या करना है। गेंद को छोड़ दो जैसी चीजें, इसे अंत तक देखो। लेकिन यह चला गया है। ये महान अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं। अगर यह आउट होने का दोहराव वाला तरीका है - टेस्ट मैच में आपको पता है कि स्लिप का एक बैंक होने वाला है। अगर आप बार-बार आउट होते हैं, तो यह किसी के लिए भी एक संकेत है कि रिफ्लेक्स और प्रतिक्रिया समय खत्म हो गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी

# पीसीबी ने भव्य समारोह की योजना बनाई, भारतीय कप्तान जाएंगे पाकिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा लेकिन सूत्रों के मुताबिक टीम के कप्तान आठ साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए मेजबान देश पाकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की योजना बना रहा है, जो संभवतः 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, बशर्ते अभ्यास मैच का कार्यक्रम तय हो। सभी टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे, जो आईसीसी आयोजनों के लिए एक मानक अभ्यास है।

सूत्रों के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के कप्तान पाकिस्तान दौरा करेंगे क्योंकि पीसीबी ने 29 साल के बाद पाकिस्तान में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन की वापसी के लिए भव्य समारोह की योजना बनाई है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025, मेजबान



के रूप में पाकिस्तान का पहला प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट होगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भारत और श्रीलंका के साथ 1996 क्रिकेट विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। टूर्नामेंट हाइब्रिड प्रारूप में खेला जाना है, जिसमें पाकिस्तान अधिकांश मैचों की मेजबानी करेगा, लेकिन भारत के सभी ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो इसे भी दुबई में स्थानांतरित कर दिया जाएगा; अन्यथा, लाहौर चैंपियनशिप मैच की मेजबानी करेगा।

आठ टीमों के इस आयोजन में मेजबान पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होने वाले मैच से होगी और बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है। तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत और पाकिस्तान केवल विश्व कप और एशिया कप जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में ही प्रतिस्पर्धा करते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार न्यूयॉर्क में 2024 आईसीसी टी-20 विश्व कप में खेला था।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, आयरलैंड के खिलाफ बनाए रिकार्ड 435 रन

**राजकोट (एजेंसी)।** प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए रिकार्ड 436 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकाड '233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ऋचा घोष ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (59) रन बनाए।

दोहरे शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को 44वें ओवर में फ्रेया सार्जेंट ने डेम्पसी के हाथों कैच आउट कराया। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (154) रन बनाये। रावल तीसरी ऐसी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने 150 के आंकड़े का पार किया है। तेजल हसबनिस (28), हरलीन देओल (15)रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा



(11) और जेमिमा रॉड्रिग्स (चार) रन बनाकर नाबाद रही।

भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने दो विकेट लिए। आर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जिना डेम्पसी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहलवान अमन सेहरावत के ओलंपिक पदक का रंग फीका पड़ा, आईओसी से करेंगे शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच भारतीय पहलवान अमन सेहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बने, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता।

रिपोर्टों के अनुसार 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी।

हालांकि अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने बताया, अमन सेहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। इसका रंग फीका पड़ने लगा है। हमने अभी तक आईओसी के साथ आधिकारिक शिकायत साझा नहीं की है।

## सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड सीरीज में बनाएंगे ताबड़तोड़ रिकॉर्ड, बनेंगे पहले खिलाड़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। अब टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में तैयार है। भारत ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इंग्लैंड जहां अपने बजबॉल श्रेणी के कारण मशहूर है तो वहीं, टीम इंडिया भी स्काईबॉल के जरिए जोरदार टक्कर देना चाहेगी। आगामी सीरीज के दौरान क्रिकेट फैंस कप्तान सूर्यकुमार यादव से काफी उम्मीदें लगाए होंगे। सूर्यकुमार इस सीरीज के दौरान बड़ा रिकॉर्ड बना सकते हैं।



सूर्यकुमार यादव ने अब तक 78 टी20 मैचों में 145 छक्के जड़े हैं। और 5 छक्के लगाकर वह 150 का आंकड़ा हासिल कर लेंगे। अगर इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने यह आंकड़ा हासिल कर लिया तो वह इसे 100 से कम पारियों में हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इससे पहले यूएई के मोहम्मद वसीम ऐसा कर चुके हैं लेकिन सूर्यकुमार आईसीसी के फुल मेम्बर्स की लिस्ट में पहले बल्लेबाज होंगे। टेस्ट प्लेइंग देशों में मार्टिन गप्टिल ने यह आंकड़ा सबसे तेज हासिल किया था। गप्टिल ने 105 मैचों में 150 छक्के जड़े थे। रोहित शर्मा ने 119 मैच खेलकर 150 छक्कों का आंकड़ा हासिल किया था।

## रोहित शर्मा का जानशीन चला पृथ्वी शा की राह, टीम इंडिया में क्या कभी नहीं होगी वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया में बने रहने के लिए शुभमन गिल, रोहित शर्मा, जयसवाल और ऋषभ पंत घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है। अगर यह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आसानी से टीम इंडिया में अपना स्थान पक्का कर लेंगे। लेकिन इनके घरेलू क्रिकेट में लौटने से अन्य क्रिकेटरों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। एक ऐसे ही क्रिकेटर ईशान किशन है। ईशान जो कभी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के जानशीन माने जाते थे, अब टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। ईशान ने आखिरी बार 2023 नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेला था। उसके बाद कोच, कप्तान और सिलेक्टर की सलाह न मानने पर उन्हें बाहर कर दिया गया। उन्हें



सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी हटा दिया गया। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटाने की वजह घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना था। अनुशासन में कोताली के कारण उनकी तुलना पृथ्वी शॉ से की गई जोकि अपनी हरकतों के कारण राज्य की टीम से भी बाहर हो चुके हैं।

**ईशान किशन को अब मौका मिलना हुआ मुश्किल** – ईशान किशन लगातार घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कुछ आकर्षक पारियां भी खेली हैं लेकिन इसके बावजूद उनकी जल्द वापसी होती नहीं दिख रही है। वह करीब एक साल से टीम इंडिया से बाहर है। उनकी जगह श्रेयस अय्यर की वापसी के चांस बन गए हैं क्योंकि वह लगातार घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन ईशान वैसा कमाल नहीं कर पाए हैं जैसा उन्हें करना चाहिए था। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में ईशान का चयन नहीं हुआ है। इससे साफ हो गया कि उनकी वापसी काफी मुश्किल होने वाली है।

**अंडर 19 कप्तान नहीं हो रहे सफल** – भारत के लिए अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में बतौर कप्तान जाते प्लेयर ज्यादा सफल नहीं हो पाते। अगर विराट कोहली को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी क्रिकेटरों का भविष्य इतना उज्जवल नहीं है जितना होना चाहिए था। उन्मुक्त चंद 2012 में भारत के कप्तान थे। वे फिलहाल भारत से रिटायर हो चुके हैं। ईशान किशन 2016 में कप्तान थे। वह टीम इंडिया में जगह नहीं बना पा रहे हैं। पृथ्वी शॉ का भी यही हाल है। यश धूल भी साल 2022 में कप्तानी कर चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में भी रन नहीं बना पाए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने गार्ड को गोली मारकर कैश कलेक्शन टीम से लूटे 78 लाख; आरोपी हुए फरार

**जांजगीर चांपा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक गार्ड को गोली मारकर लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। बदमाश घटना को अंजाम देकर 78 लाख रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घायल गार्ड को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामला जांजगीर के चांपा जिले के खोखरा गांव स्थित शराब की दुकान का है। गार्ड शराब की दुकान में रुपए कलेक्शन के लिए पहुंचा था। लूट की यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरा में स्थित देशी शराब भट्टी के पास शाम के समय हुई। कलेक्शन टीम ने क्षेत्र की अलग-अलग शराब दुकानों से लगभग 78 लाख रुपये इकट्ठा किया था। जब टीम खोखरा शराब दुकान से कैश लेने पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां आ धमके। गार्ड को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार से फायरिंग की, जिससे गार्ड के पैर में गोली लग गई। गार्ड मौके पर ही गिर पड़ा और बदमाश वैन में रखे कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए। खून से लथपथ गार्ड को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत जिलेभर में नाकेबंदी करवाई और कई स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट लगवाए। पुलिस की टीमें आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही हैं, ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके। प्राथमिक जांच में पता चला है कि बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार का इस्तेमाल किया है। शाम के समय हुई इस लूट की वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। घटना को लेकर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### गायों को काटा जा रहा है, इस्तीफा देकर लड़ूंगा; उप्र के भाजपा विधायक

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक नंद किशोर गुर्जर इन दिनों बेहद नाराज हैं। गाजियाबाद के लोनी और आसपास के इलाकों में गोकशी का आरोप लगाते हुए वह पुलिस अधिकारियों पर भड़के हुए नजर आते हैं। नंद किशोर गुर्जर ने एक बार फिर अधिकारियों को चेतावनी देते हुए यहां तक कहा कि ऐसा हाल रहा तो वह विधायकी से इस्तीफा दे देंगे और पद मुक्त होकर लड़ाई लड़ेंगे। गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी में गौवंश के अवशेष पाए जाने के बाद गुर्जर मौके पर पहुंचे थे। यहां वह पुलिसकर्मियों से सवाल-जवाब करते नजर आए। गुर्जर ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, लगता है गाजियाबाद के एक बड़े अधिकारी ने तय कर लिया है कि समाजवादी का एजेंट बनकर माननीय मुख्यमंत्री जी की छवि खराब करके रहेंगे क्योंकि इनके लिए जनपद में अब गौमाता की हत्या, तस्करी कोई मायने नहीं रखती और यह घटनाएं अब गाजियाबाद की दिनचर्या में शामिल हो गई है।

### गुरुग्राम में गैंगवार की आशंका, व्यापारी के मकान पर बाइक सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 की गली नंबर पांच में मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए एक निर्माणाधीन मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर गुरुग्राम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सोशल मीडिया पर गैंगस्टर कौशल चौधरी के नाम से बनाए एक पेज पर फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए दुश्मनों की मदद करने वालों को ठिकाने लगाने की धमकी दी गई। फिलहाल गुरुग्राम पुलिस ने मौके से गोलियों के खोल बरामद किए हैं। आसपास लगते घरों के सीसीटीवी की फुटेज को जांच के लिए लिया है। थाना पालम विहार में इस सिलसिले में मामला दर्ज हुआ है। बता दें कि गैंगस्टर कौशल इस समय भौंडसी जेल में बंद है। अशोक विहार के फेज-तीन के निवासियों की नींद मंगलवार सुबह ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज से खुली।

# पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है: देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है और इसका संदेश भी देती है। यहीं से मराठों को एकता में रहने का सूत्र मिला और इसके बाद मराठों ने भगवे के स्वाभिमान को आगे बढ़ाते हुए हिंद स्वराज की स्थापना की। मराठों ने वीरता दिखाते हुए मंदिरों, आस्था स्थलों, पूजा स्थलों को तोड़ने वाले आक्रांताओं को सबक सिखाते हुए पुनः हिन्दुस्तान में भगवे की स्थापना की। मराठे संकुचित भावना को छोड़ देव, देश और धर्म के लिए लड़े। वे जिस मुहिम में हार गए थे, उसको दोबारा स्थापित किया। पानीपत की भूमि मराठों, वीरों के रक्त से संचित भूमि है। अगर उस समय देश के अन्य राजा मराठों की मदद के लिए आगे आते तो अब्दाली हार जाता। अगर उस समय एक होते तो सेफ होते। एक नहीं थे तो सेफ भी नहीं थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस मंगलवार को पानीपत के काला आम्ब स्थित स्थल पर शौर्य स्मारक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार शामिल



होगी। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा और इस स्थल को विकसित करने की रूपरेखा पर विस्तृत कार्य किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कि पानीपत की शौर्य भूमि पर शौर्य के प्रतीक के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित करेंगे, ऐसा संकल्प मैं करता हूं। किसानों ने शौर्य स्मारक के लिए आवश्यक भूमि के विस्तार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिन किसानों को जमीन के लिए अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनको महाराष्ट्र सरकार द्वारा उचित मूल्य दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि भारत के इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज इकलौते ऐसे नायक है कि जिन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। देश ऐसी अवस्था में था कि शायद हमसे से कोई हिंदू कहलाने लायक नहीं बचता। तब मां जिजाऊ ने ऐसे वीर पुत्र को जन्म दिया और कसम दी आंक्राताओं को हटाने का लक्ष्य दिया। मां भवानी देव देश और धर्म के लड़ूंगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जाति-पाति विहीन ऐसी मावड़ों की सेना बनाई। उन्होंने मुगलों से लड़ाई लड़ी। छत्रपति शिवाजी ने मुगलों को पराजित करके स्वराज्य की स्थापना की। उसके बाद हमारा मराठा साम्राज्य रुका नहीं। छत्रपति संभाजी महाराज ने जिस प्रकार से लड़ते-लड़ते उसी जमीन में औरंगजेब को जमीन में दफन कराया। मराठाओं ने जब संस्कार, संस्कृति और हिंदुत्व पर हमला हो रहा था, देश में हमारे उपासना स्थलों को तोड़ा जा रहा था, तब मुगलों से लड़ाई लड़ी। फडणवीस ने कहा कि यह मराठाओं की देन है कि आगे चलकर बाजीराव पेशवा के काल में तो अटक से लेकर कटक तक हिदवी स्वराज्य का विस्तार कर देश, धर्म एवं संस्कृति रक्षण का कार्य किया। फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भगवा ध्वज के नीचे सबको एक साथ लाए।

# दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए: शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और उसके गठबंधन के खिलाफ बने विपक्षी महागठबंधन इंडिया अलायंस के एक और साथी दल ने कांग्रेस को करारा झटका दिया है। अलायंस के बड़े घटक दल और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने दो टूक कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुंबई में मीडिया से बात करते हुए शरद पवार ने दिल्ली चुनावों पर कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में मेरी भावना है कि हमें अरविंद केजरीवाल की मदद करनी चाहिए।



हालांकि, इंडिया अलायंस पर उन्होंने भी यह बात साफ की कि इस अलायंस के तहत कभी भी राज्य विधानसभाओं के चुनाव या लोकल बॉडी इलेक्शन पर कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के फोरम पर हमेशा राष्ट्रीय चुनावों पर ही चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय चुनावों के मद्देनजर समान विचारधारा वाली पार्टियों की एकजुटता के लिए बना था। पवार ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों के लिए इंडिया अलायंस यानी महा विकास अघाड़ी के घटक दल 8-10 दिनों में बैठक करेंगे और यह तय करेंगे कि बीएमसी चुनाव हम एक साथ लड़ेंगे या अकेले-अकेले लड़ेंगे।

बता दें कि शरद पवार से पहले इंडिया अलायंस के घटक दलों में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने भी अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने का ऐलान किया है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने भी आप को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। इन दलों की दलील है कि भाजपा को हराने के लिए सबसे मजबूत साथी की मदद करनी चाहिए। दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की मुख्य लड़ाई भाजपा से है लेकिन कांग्रेस भी आप के खिलाफ ताल ठोक रही है। इससे चुनाव रोचक हो गया है।

# कर्नाटक कांग्रेस में तकरार! आए नए मुख्यमंत्री दावेदार, सिद्धारमैया के पूरे हो रहे हैं ढाई साल

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में अगले मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, अब तक पार्टी या किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। इसी बीच खबरें हैं कि राज्य सरकार में मंत्री आरबी टिम्मापुर ने भी सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर दी है। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहे हैं, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लगभग आधा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। 2023 में चुनाव जीतने के बाद राज्य में कथित तौर पर ढाई साल बाद सीएम बदलना तय हुआ था। टिम्मापुर ने कहा, दलित को क्यों मुख्यमंत्री पद नहीं दिया जाना चाहिए? मुझे सीएम क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? खास बात है कि राज्य सरकार में दलित नेता कई अहम पदों पर रहे, लेकिन अब तक कोई भी सीएम नहीं रहा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद की रेस में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार सबसे प्रबल दावेदार हैं। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।




हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के नेताओं का कहना है कि अपना उत्तराधिकारी चुनने के लिए सिद्धारमैया रणनीतिक रुख अपना रहे हैं। एक नेता ने कहा, यह खुला राज है कि वह दलित मुख्यमंत्री के आसपास चर्चाएं बढ़ा रहे हैं, ताकि पार्टी के अंदर विरोध को कम किया जा सके। खासतौर से ऐसे समय पर जब उनका आधा कार्यकाल पूरा रहो रहा है। हालांकि, उनकी इस रणनीति का खासतौर से शिवकुमार कैंप विरोध कर रहा है।

मामले के जानकार लोगों का कहना है कि दलित नेता पर सहमति बनाने के लिए एससी एसटी विधायकों की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के दखल के बाद इसे रद्द कर दिया गया। कथित तौर पर शिवकुमार के कहने पर हस्तक्षेप किया गया था। जी परमेश्वरा का कहना है, जैसा कि दिखाया जा रहा कि इसे कैंसिल कर दिया गया है। ऐसा नहीं है, सिर्फ टाला गया है। उन्होंने कहा, कोई भी बैठक को नहीं रोक सकता है। अगर कोई भी कहता है कि वे दलित मुद्दों पर बात करने के लिए बैठक बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो हम उन्हें करारा जवाबदेंगे। हमारे पास क्षमता और ताकत है। कहा जा रहा है कि बैठक कैंसिल होने ने राज्य के कई दलित नेताओं को नाराज कर दिया है।

# यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है: विधायक भास्कर जाधव

**रत्नागिरी, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना यूबीटी के सामने नई चुनौती खड़ी हो रही है। नेता खुले मंचों से पार्टी के कामों की आलोचना कर रहे हैं। हाल ही में एक वरिष्ठ नेता और विधायक ने शिवसेना यूबीटी की तुलना कांग्रेस की हालत से कर दी। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हुए हैं, जब मुंबई में बीएमसी यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की तैयारियां जारी हैं।



विधायक भास्कर जाधव ने पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठा दिए। सोमवार को उन्होंने रत्नागिरी जिले में चिपलून और आसपास के क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा, यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है। हमारे पास काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों और नेताओं को हटाने की हिम्मत नहीं है। वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के सुझाव सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि पार्टी के पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होना चाहिए। खास बात है कि उस दौरान बैठक में पूर्व सांसद विनायक राउत और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय कदम भी मौजूद थे। जाधव ने कहा, हमें गलत फैसलों पर विचार करना होगा और आगे की प्रक्रिया बेहतर करनी होगी। यह संगठन को मजबूत करेगा और आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा आज हिन्दुत्व सिखा रही है, लेकिन बालासाहब ठाकरे थे, जो ताकतवर कांग्रेस के खिलाफ खड़े हुए थे। उन्होंने कहा, पार्टी के कार्यकर्ता संगठन के लिए मेहनत करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से नेता उन लोगों का पक्ष लेते हैं, जो पैसा देते हैं। पार्टी कार्यकर्ता तब ही मेहनत कर सकेंगे, जब नेता ईमानदार होंगे। शिवसेना आग है और कभी कभी हमें जलते कोयलों पर चलना पड़ता है। इसपर, पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि जाधव ने जो भी कहा, उसपर विचार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे समय पर वरिष्ठ नेताओं को देखना चाहिए कि वह क्या बोल रहे हैं। वह जाधव की तरफ से पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठाए जाने से नाराज दिखे।

# शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप का बड़ा एलान, देशों से टैरिफ वसूल करने के लिए बनाएंगे बाह्य राजस्व सेवा एजेंसी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण करने से पहले बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने विदेशी देशों के टैरिफ और अन्य राजस्व इकट्ठा करने के लिए बाह्य राजस्व सेवा नाम से नई एजेंसी बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हम उन लोगों से शुल्क वसूलेंगे जो हमसे व्यापार के जरिये पैसा कमाते हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग हमें भुगतान करना शुरू कर देंगे। मेरी योजना बाह्य राजस्व सेवा जैसी एजेंसी बनाने की है। यह अमेरिका में कर की वसूली करने वाली आंतरिक राजस्व सेवा एजेंसी



जैसी होगी। वहीं डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप की नई योजना का विरोध किया। सीनेट की वित्त समिति के शीर्ष डेमोक्रेट ओरेगन सीनेटर रॉन विडेन ने कहा ऐसी मूर्खतापूर्ण रीब्रांडिंग से कुछ भी छिपने वाला नहीं है। ट्रंप की योजना अमीरों को कर में छूट देने और अमेरिकी परिवारों और छोटे व्यवसायों पर कर वृद्धि करने की है। अमेरिकी संविधान के मुताबिक नई एजेंसी के गठन के लिए संसद के अधिनियम की जरूरत होती है। रिपब्लिकन के पास सदन और सीनेट दोनों में बहुमत है। वहीं अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह एक नई एजेंसी बनाएंगे जो मौजूदा एजेंसियों के कामों को संभालेगी। इसमें वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क और सीमा गश्ती शामिल है। शपथ ग्रहण करने से पहले ट्रंप ने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को तैयार कर दिया है। इसकी कमान दिग्गज कारोबारी एलन मस्क और उद्यमी विवेक रामास्वामी को सौंपी गई है। इस विभाग के तहत हजारों पुराने नियमों को समाप्त करने और सरकारी कर्मचारियों की संख्या घटाने की योजना बनाई गई है।

# सोमालिया तट पर जहाजों के लिए सतर्कता बरतने की अपील

**मोगादिशु, एजेंसी।** एक वैश्विक समुद्री निकाय ने मंगलवार को विदेशी जहाजों के संचालकों से सोमालिया तट और अदन की खाड़ी से गुजरते समय सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि समुद्री डकैती एक खतरा बनी हुई है। इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स के इंटरनेशनल मैरीटाइम ब्यूरो (आईएमबी) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि 2024 में सोमालिया तट के पास आठ समुद्री डकैती की घटनाएं दर्ज की गईं। आईएमबी के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में दो मछली पकड़ने वाले जहाजों और एक बल्क कैरियर का अपहरण पिछले साल किया गया था जो आठ समुद्री डकैती की घटनाओं में शामिल था।

आईएमबी के निदेशक माइकल हॉवलेट ने कहा कि इसमें आत्मसंतुष्टि के लिए कोई स्थान नहीं है, क्योंकि चालक दल की सुरक्षा के लिए जारी खतरे लगातार सावधानी के महत्व को उजागर करते हैं। हॉवलेट ने कहा, मास्टर और पोत संचालकों को सख्ती से सतर्क रहने और गिनी की खाड़ी और पूर्वी अफ्रीका के जल क्षेत्र से गुजरते समय सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं में सभी सिफारिशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईएमबी ने कहा कि सोमाली समुद्री डाकू मुख्य जहाजों का उपयोग करके तट से 1,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक जहाजों को निशाना बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाएं इन अपराधियों की क्षमताओं को प्रदर्शित करती हैं जो 2017 से हमलों में कमी आने के बावजूद खतरा बने हुए हैं।

# हमास के साथ सीजफायर के विरोध में उतरे इजराइली नागरिक

### सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगाया; डील के समर्थन में भी प्रदर्शन

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजराइल और हमास के बीच सीजफायर डील के विरोध में इजराइली नागरिकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट की मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आतंकियों के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाया है। मंगलवार शाम डील के विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी इस डील को भविष्य के लिए खतरा बता रहे हैं। दूसरी तरफ सीजफायर के समर्थन में भी प्रदर्शन हुए। हजारों प्रदर्शनकारी पिछले कई दिनों से सीजफायर की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को सीजफायर से जुड़ी खबर मिलने के बाद इन प्रदर्शनकारियों ने जश्न भी मनाया।

इजराइल और हमास में जल्द सीजफायर की घोषणा हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन को होगा। इजराइली




अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि डील के पहले फेज में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। इनमें से 5 इजराइल की महिला सैनिक होंगी। इसके बदले इजराइल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। 15 दिन बाद बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस दौरान स्थायी तौर पर सीजफायर को लागू करने पर भी बातचीत की जाएगी।

गाजा में सीजफायर को लेकर इजराइल और हमास के बीच लगभग सहमति बन गई है। न्यूज एजेंसी‹क्क ने मंगलवार को इस डील में शामिल दो अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई। डील के लिए कल,14 जनवरी को आखिरी बातचीत हुई। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल अल थानी ने इस बातचीत की मेजबानी की। इसमें इजराइल का प्रतिनिधित्व मोसाद चीफ डेविड बार्निया और शिन बेट चीफ रोनेन बार ने किया। वहीं, अमेरिका की तरफ से यहां पर ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ और बाइडेन के दूत ब्रेट मैकगर्क मौजूद रहे। हमास ने इस डील को स्वीकार किया है या नहीं, अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। वहां मंजूरी मिलने के बाद इसे इजराइली कैबिनेट में पेश किया जाएगा। वहां इसे मंजूरी मिलते ही सीजफायर डील को तुरंत लागू किया जाएगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक सीजफायर डील के तहत नॉर्थ गाजा से विस्थापित हुए फिलिस्तीनी नागरिकों को इजराइल वापस लौटने देगा। हालांकि इस इलाके में सुरक्षा के लिहाज से इजराइली सैनिकों की मौजूदगी बनी रह सकती है। गाजा और इजराइल के बीच बफर जोन बनाया जाएगा। बफर जोन को लेकर इजराइल और हमास दोनों की अलग-अलग मांगें हैं। इजराइल बॉर्डर से 2 किमी के बफर जोन की मांग कर रहा है।

# मार्क जुकरबर्ग का दावा: मोबाइल फोन होंगे विदा, अब आने वाला है स्मार्ट चश्मों का दौर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** मोबाइल फोन आजकल लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है और इसके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल हो गया है लेकिन तकनीक में बदलाव के साथ पुराने उपकरणों की जगह नए उपकरण लेने लगे हैं। ऐसा ही कुछ मोबाइल फोन के साथ भी होने वाला है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का मानना है कि मोबाइल फोन की तकनीक अब पुरानी हो चुकी है और भविष्य में स्मार्ट ग्लास (चश्मे) मोबाइल फोन की जगह लेंगे। जुकरबर्ग का कहना है कि आने वाले दस सालों में स्मार्ट ग्लास की लोकप्रियता और उपयोगिता स्मार्टफोन से भी ज्यादा हो जाएगी। इस्तेमाल केवल कुछ विशेष कामों के लिए करेंगे जबकि अधिकांश काम वे स्मार्ट ग्लास के जरिए कर पाएंगे। मेटा और एप्पल जैसी कंपनियां इस तकनीक पर काम कर रही हैं। मेटा रे-बैन के साथ मिलकर स्मार्ट ग्लास बनाने की तैयारी कर रही है जबकि सैमसंग और गूगल भी एआई फीचर्स के साथ स्मार्ट ग्लासेज लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।स्मार्ट ग्लास में ऑगमेंटेड रियलिटी (संवर्धित वास्तविकता) तकनीक का इस्तेमाल होगा जो यूजर्स को डिजिटल फीचर्स के साथ कई सुविधाएं प्रदान करेगा। इन ग्लासेज में डिस्प्ले न केवल नोटिफिकेशंस बल्कि नेविगेशन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दिखाएगा। इन स्मार्ट ग्लासेस का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यूजर्स को हाथों से काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129